# कुलपति संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति अवैध : लोकसभा में बोले सांसद



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की बतौर कुलपति नियुक्ति का मामला गुरुवार को लोकसभा में गूंजा। सांसद नाबा कुमार सरन ने लोकसभा में कहा कि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में देशभर से एससी/एसटी स्टूडेंट पढ़ते हैं। 400 परसेंट फीस अचानक से बढ़ा दी गई है। इसके विरोध में छात्र 100 दिन से अनशन पर हैं पर गलत तरीके से नियुक्त कुलपति कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं। अगर ऐसा होगा तो फिर गरीब छात्र कैसे पढ़ पाएंगे। नाबा कुमार सरन असम के काकराझार से निर्दलीय सांसद हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुई फीस वृद्धि का मुद्दा 12 दिसंबर को राज्य सभा में भी गूंजा था। प्रतापगढ़ के रहने वाले कांग्रेस के राज्य सभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने जोरदारी से यह मुद्दा सदन में उठाया था और 400 परसेंट की गई फीस वृद्धि वापस लेने की मांग की थी। उन्होंने मौलाना आजाद राष्ट्रीय फेलोशिप समाप्त किए जाने का भी मुद्दा भी सदन में उठाया था। तीन मिनट के अपने संबोधन में इमरान ने फीस वृद्धि को लेकर छात्रों की ओर से 100 दिनों से चलाए जा रहे आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि छात्रसंघ भवन के गेट पर ताला जड़ दिया गया है, ताकि छात्र 'नए अंग्रेजों' के खिलाफ कोई आवाज न उठा सकें। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की कथित अवैध नियुक्त का मामला छात्रों ने 12 दिसंबर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सामने भी उठाया।

## महाकुंभ 2025 के प्रमोशन के लिए 42 देशों में होंगे रोड शो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मानवता के अमूर्त धरोहर के तौर पर मान्यता प्राप्त करने वाले महाकुंभ के आयोजन को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।



विश्व के सबसे बड़े धार्मिक जनसमागम में दुनिया भर की सहभागिता हो, इसके लिए वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विदेश में बाकायदा रोड शो किया जाएगा। खासतौर पर अप्रवासी भारतीयों की बाहुल्यता वाले देशों में बड़े धार्मिक आयोजन भी होंगे। महाकुंभ 2025 के प्रमोशन के लिए एशिया, यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया के 42 देशों में रोड शो का आयोजन किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की समीक्षा की,मानक अपनाने का निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कल देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो एवं डी0पी0आर0 स्वीकृति के सम्बन्ध में समीक्षा की। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया मेसर्स जेएमसी प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा फेज-2 के अन्तर्गत आवंटित 455 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 364 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 202 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित 303 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 131 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 60 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार फर्म मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित 1063 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 673 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 307 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम व जेएमसी एवं पावर मेक के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित किसी विभाग की यदि कोई समस्या हो तो उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुये उसका निराकरण करायें, निर्देशित किया कि जिन कार्यदायी फर्मो द्वारा अधूरे कार्य किये जा रहे है उनको चेतावनी निर्गत करें कि पेयजल परियोजनाओं के कार्यो को अधूरा न छोड़े यदि किसी भी फर्म के द्वारा लापरवाही बरती जाये



पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं एवं कार्यो को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाये। जमीन सम्बन्धी विवादों का निराकरण जल्द से जल्द करायें। उन्होने जेएमसी एवं पावर मेक के प्रोजेक्ट मैनेजर को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पेयजल परियोजनाओं के निर्माण एवं संचालन के कार्य को गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप कराया जाय। उन्होंने जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जेएमसी प्रोजेक्ट द्वारा किये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त तथा निर्देशित किया परियोजनाओं के शीघ्र निर्माण हेतु और अधिक मजदूर लगाये जाये ताकि समय से परियोजना पूरी हो सके। उन्होने कहा कि सरकारी भवनों यथा प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर आदि को पेयजल परियोजना की पाइप से अनिवार्य रूप से सम्बद्ध किया जाय। बैठक में कुल 96 डीपीआर स्वीकृत करने हेतु प्रस्तुत किये गये जिसमें बताया गया कि मेसर्स जेएमसी-एलसीईएसपीएल द्वारा फेज-2 के अन्तर्गत आवंटित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 02 नग डीपीआर निर्मित किया गया है जिसमें 05 राजस्व ग्राम आच्छादित होते हैं। इसी प्रकार मेसर्स जेएमसी इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 43 नग डीपीआर निर्मित किया गया है जिसमें 83 राजस्व ग्राम आच्छादित होते है। मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित राजस्व ग्राम के सापेक्ष 51 नग डीपीआर निर्मित किया गया है जिसमें 103 राजस्व ग्राम आच्छादित होते है।बैठक में प्रस्तुत कुल 96 डीपीआर के सापेक्ष 93 डीपीआर स्वीकृत किये गये एवं 03 डीपीआर पर पुर्नविचार हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आशीष दीक्षित हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा पुनर्जन्म पर विश्वास कर चेले से कराई थी अपनी ही हत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने आशीष दीक्षित हत्याकांड का शुक्रवार को सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा की मृतक ने अपने चेले को यूट्यूब पर महाभारत की पुनर्जन्म की पौराणिक कथाओं को दिखाकर, अपनी ही हत्या कराई थी। पुलिस ने आरोपी चेले को जिसके कारण आरोपी नीतीश सैनी ने अपनी प्राइवेट नौकरी भी छोड़ दी थी। एक समय बाद दोनो साथ रहने लगे। इस दौरान आशीष ही नीतीश का खर्चा उठता था। दिसंबर 8 को दोनो ने विंध्यवासिनी धाम जाकर पूजा पाठ किया। वहां से आकर आशीष ने नीतीश से कहा की उसे दैवीय सिद्धि प्राप्त



गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हुआ चापड़ भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी 22 वर्षीय नीतीश सैनी को उसके निवास स्थान हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी यमुनाननगर सौरभ दीक्षित ने बताया कि 10 दिसंबर को अशोक दीक्षित की लाश नैनी के बसवार में मिली थी। जांच के लिए दो टीमें गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक कर्मकांडी था और पुनर्जन्म आदि में विश्वास करता था। आरोपी चेले से उसकी पहचान 6 महीने पहले ही हुई थी। आशीष उसे पूजा पाठ और दैवीय शक्तियों के माध्यम से भविष्य बनाने को कहता था। करनी है। इसके लिए नीतीश को उसे मारना पड़ेगा। वह नीतीश को कहता था उसका पुनर्जन्म होगा और वह मृत्यु के बाद सिद्धियों के साथ हरिद्वार में मिलेगा। नीतीश को विश्वास दिलाने के लिए उसने यूट्यूब पर महाभारत में बर्बरीक और ऋषि की कहानियों को दिखाया और अन्य पौराणिक कथाओं के जरिए विश्वास दिलाया। आशीष के अनुसार उसको मरने के बाद कामाख्या में दर्शन करने के बाद हरिद्वार में नीतीश से मिलना था। समझाए अनुसार नीतीश ने उसे चापड से मारा और हथियार को पूजन सामग्री के साथ गंगा में बहा दिया।

## हाईकोर्ट ने यूपी में सार्वजनिक स्थानों से धर्मस्थलों को हटाने का दिया आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रेलवे स्टेशनों, सड़कों, पार्को व अन्य सार्वजनिक स्थलों से मजारों व अन्य धार्मिक स्थलों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त नजर आ रहा है। खंडपीठ में हुई। केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से जवाब देने के लिए और मोहलत मांगी गई जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 16 जनवरी की तारीख तय कर दी। साथ ही हाईकोर्ट ने केन्द्र व राज्य



सार्वजानिक स्थानों से धर्मस्थलों को हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार को अवैध अतिक्रमण को हटाकर जानकारी देने को कहा है। कोर्ट ने याचिका पर जवाब देने के लिए केंद्र व राज्यसरकार को मोहलत देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी तय की है। जन उद्घोष सेवा संस्थान एवं पांच अन्य की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस जेजे मुनीर की सरकार से अवैध अतिक्रमण हटाकर जानकारी देने को कहा है। जन उद्घोष सेवा संस्थान एवं पांच अन्य की ओर से दाखिल याचिका में याचियों का कहना है कि कानपुर, लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य रेलवे स्टेशनों पर व पटरियों के किनारे बीच में भी मजारें बनी हुई हैं। सार्वजनिक स्थलों पर हुए इस प्रकार के निर्माणों से दुर्घटना की प्रबल संभावना रहती है। सार्वजनिक स्थान से ऐसे निर्माणों को हटाया जाए। याचियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वकील हरि शंकर जैन और विष्णु जैन ने बहस की।

## ट्रेन में चेन पुलिंग करने वालों पर रेलवे ने कसा शिकंजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** चलती ट्रेन में बिना किसी कारण के चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने वालों पर रेलवे की ओर से शिकंजा कसा जा रहा है। वहीं चलाया जा रहा है, इसके बावजूद भी इस पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। बिना उचित कारण चेन खीचने वाले लोगों पर कार्यवाही करते हुए प्रयागराज जंक्शन से 116



दूसरी ओर ट्रेनों में और स्टेशनों पर अवैध रूप से सामान बेचने वालों पर भी रेलवे सख्त रवैया अपना रहा है। ऐसे लोगों से बीते आठ माह में 49 लाख रुपए का जुर्माना रेलवे ने वसूला है। अप्रैल से नवंबर के तक ऐसे 3725 लोगों को चिह्नित कर उनके जुर्माना लिया गया। इसके लिए लगातार अभियान लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रयागराज मंडल में अवैध वेंडरों तथा ओवर चार्जिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए मंडल द्वारा लगातार सभी स्टेशनों पर कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान बीते आठ में कुल 2552 अवैध वेंडरों के खिलाफ प्रकरण पंजीकृत किए गए तथा उनसे जुर्माना स्वरूप 36,11,004 वसूल किए।

## पूर्व ऊर्जा मंत्री और विधायक विक्रम मौर्य का दिल का दौरान पड़ने से निधन; डिप्टी सीएम केशव मौर्य सांसद प्रमोद तिवारी ने जताया शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** पूर्व ऊर्जा मंत्री व भाजपा के पूर्व विधायक विक्रमाजीत मौर्य का गुरुवार देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। दरभंगा स्थित अपने घर में उन्होंने अंतिम



सांस ली। शुक्रवार दोपहर दो बजे उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर किया जाएगा। भाजपाईयों के साथ ही कांग्रेसियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।श्रद्धांज़लि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। उनके निधन की सूचना पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शोक जताया है। उन्होंने, भाजपा के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया है। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की राज्य सभा के शीतकालीन सत्र में हिस्सा ले रहे सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा की विक्रमजीत मौर्य की मृत्यु उनके लिए निजी क्षति है। पूर्व मंत्री से उनके आत्मीय सम्बंध रहे हैं। प्रमोद तिवारी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट किया है वह 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से फाफामऊ (प्रयागराज) की सीट से चुनाव लड़े थे और जनता ने उन्हें अपना विधायक चुना था। इससे पहले वह बसपा की मायावती सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। केशव मौर्य के बेहद करीबियों में गिने जाते थे विक्रमाजीत मौर्य।




## असहाय लोगो को कंबल वितरण किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अंतराष्टीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण परिषद, प्रयागराज के निदेशक आइजोक मित्रा,आलोक दूबे,सदस्य एवम उनकी टीम की ओर से मंगलवार की रात को संगम क्षेत्र, आलोपी बाग,कर्नलगंज आदि क्षेत्रो मे गरीब, असहाय लोगो को कंबल वितरण किया गया।इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



## बाइक सवार को बचाने में स्कूल बस पलटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कई बच्चों के मौत की सूचना, शैक्षिक भ्रमण पर निकले थे बच्चेहंडिया कोतवाली के सैदाबाद में भेस्की गांव के पास स्कूल बस पलट जाने से कई बच्चों के मौत की सूचना है। दर्जन भर घायल हो गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें वाहन से बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया। सैदाबाद के भेस्की गांव के पास बच्चों से भरी स्कूल बस एक बाइक को बचाने के चक्कर में पलट गई। घटना सुबह साढ़े नौ बजे के करीब हुई। जौनपुर के श्रीमती कांति देवी जनता विद्यालय परमानपुर भर्तीपुर के बच्चों की बस शैक्षिक भ्रमण के लिए मनगढ़ प्रतापगढ़ जा रही थी। बस अभी सैदाबाद के भेस्की गांव के सामने पहुंची थी कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित हो गई। 35 लड़किया 40 लड़के 75 बच्चे सवार थे। बाइक सवार भी गंभीर



हंडिया कोतवाली के सैदाबाद में भेस्की गांव के पास स्कूल बस पलट जाने से कई बच्चों के मौत की सूचना है। दर्जन भर घायल हो गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें वाहन से बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# उत्तर प्रदेश मे फर्जी एनकाउंटर मामले में 43 पुलिसकर्मियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोषी करार दिया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पीलीभीत।** में 11 सिखों के फर्जी एनकाउंटर मामले में 43 पुलिसकर्मियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी माना है। साथ ही सभी को 7-7 साल की सजा सुनाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति सरोज यादव की खंडपीठ ने अभियुक्त पुलिसकर्मियों की ओर से दाखिल अपीलों पर सुनवाई के बाद दिया। ट्रायल कोर्ट ने इन पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी पाते हुए 4 अप्रैल 2016 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत के उक्त फैसले को निरस्त कर दिया है। जानें क्या है पूरा मामला 12 जुलाई 1991 में पीलीभीत के 11 सिखों को पुलिस ने कथित एनकाउंटर में मार गिराया था। एनकाउंटर में मारे गए सभी लोगों की लाशें पीलीभीत व आसपास के इलाके में बरामद हुई थीं। सीबीआई जांच के दौरान एनकाउंटर फर्जी साबित हुआ था। वहीं पूरे मामले पर पुलिस का तर्क था कि एनकाउंटर में मारे गए लोग आतंकवादी संगठन के लोग थे। अब इस पूरे मामले में पुलिसकर्मियों द्वारा राहत के लिए दायर की गई अपील पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुनवाई की। जिसमें 43 पुलिसकर्मियों को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई है। जो पुलिस जीप में बैठे थे सुबह उनके शव मिले घटना के इकलौते प्रत्यक्षदर्शी मेजर सिंह बताते हैं कि वो दिन मुझे आज भी याद है। 31 साल पहले उस दिन मैं अपने खेत से वापस आ रहा था। की लाश की फोटो मैनें पेपर में देखी। उनकी तस्वीरें देखकर मैं सन्न रह गया और पीड़ित परिवारों को तलाश कर मैं मुकदमे से जुड़ गया। बीते 31 सालों में कई बार मुझे धमकाया गया, पैसे का लालच भी दिया गया। लेकिन मैं डरा नहीं। अब सिर्फ एक ही डर है कि यदि उन पुलिसकर्मियों को जमानत मिल जाएगी तो वे मेरे



मेरे ट्रैक्टर में खेत बराबर करने वाला लकड़ी का पटेला भी बंधा हुआ था। अचानक पुलिस की कुछ गाड़ियां निकलीं। इस दौरान मेरे ट्रैक्टर का पटेला एसपी की गाड़ी से टकरा गया। कुछ पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोककर मुझे डंडा मार दिया। इस पर मेरी पुलिसकर्मियों से काफी नोंकझोंक भी हुई। उसके बाद एसपी ने बाहर आकर हम लोगों को शांत करवाया। बाहर आने पर बन सकते हैं खतरा फिर पुलिस की गाड़ी वहां से जाने लगी। तभी मेरी नजर पुलिस की गाड़ी में बैठे 3 सिखों पर पड़ी। उनके बाल खुले थे और शरीर पर कपड़ा नहीं था। सुबह उन तीनों व मेरे परिवार के लिए खतरा हो सकते हैं। मृतकों के परिजन कर रहे थे फांसी की मांग एनकाउंटर में मारे गए लखविंदर सिंह के भाई हरमेल सिंह बताते हैं कि महाराष्ट्र के हजूर साहिब गुरुद्वारे में दर्शन के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब के 25 सिख बस से लौट रहे थे। दो बुजुर्ग सहित 13 पुरुष, 9 महिलाएं और 3 बच्चे बस में सवार थे। यात्रा 29 जून 1991 को नानकमत्था गुरुद्वारे से शुरू हुई थी। ये लोग कई धार्मिक स्थलों पर भी गए थे। लौटते समय पीलीभीत से 125 किलोमीटर दूर यूपी पुलिस की एक वैन ने बस को रोक लिया था।

# बनारस में मकान की छत ढही: पीड़ित परिवार के सामने सिर ढकने का संकट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** के जंगमबाड़ी इलाके में गुरुवार रात तेज धमाके के साथ एक मकान की छत ढह गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया गया। वाराणसी के जंगमबाड़ी में मकान ढहने की घटना के बाद शुक्रवार की सुबह एलपीजी अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। सिलिंडर फटने की घटना से अधिकारियों ने इन्कार किया। आसपास के लोगों और ट्रॉली मैन से बातचीत कर जानकारियां ली। जमींदोज हो चुके मकान को लेकर राजेंद्र वर्मा और दीपक वर्मा के



परिजनों के सामने अब सिर ढकने का संकट है। मलबे में दबकर दम तोड़ने वाली बेबी वर्मा (45) का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मोहल्ले में दूसरे दिन भी लोग गमगीन रहे। दशाश्वेध थाना प्रभारी के अनुसार हादसे की रिपोर्ट बनाकर वीडीए और नगर निगम को भेजा गया है। पिता को देख फफक पड़ी जयपुर से आई बेटी गुरुवार की रात सवा आठ बजे मकान की छत ढहने की घटना की जानकारी पाकर जयपुर में रहने वाली बेटी हेमा भी सुबह पहुंची। पिता, भाई और बहनों को देख वह फफक पड़ी। मोहल्ले के लोगों के अनुसार छत ढह जाने से परिजनों के समक्ष रहने की दिक्कतें होंगी। क्योंकि मकान पूरी तरह से गिर चुका है।इस ठंड के मौसम में परिजन कैसे और कहां रहेंगे। एसीपी दशाश्वमेध अवधेश कुमार पांडेय, थाना प्रभारी अजय मिश्रा दोपहर के समय पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। नगर निगम को भेजी गई रिपोर्ट थाने स्तर से रिपोर्ट भेजे जाने के बाद शनिवार की सुबह नगर निगम टीम के पहुंचने की संभावना है।

# जौनपुर में डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान रुमाल महिला के पेट में ही छोड़ दिया बाद जब दर्द उठा तो प्रयागराज में ऑपरेशन के बाद पता लगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर।** पीड़िता के पति ने थाने में तहरीर देकर रुमाल छोड़ने वाले डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उमरपुर ग्राम सभा निवासी राकेश गौतम की पत्नी कंचन गर्भवती थीं। प्रसव के लिए सुजानगंज बेलवार तिराहे स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया। राकेश ने बताया कि 24 सितंबर को डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा। ऑपरेशन करके प्रसव कराया, लेकिन उस दौरान रुमाल पेट में ही छोड़ दिया। करीब एक महीने के बाद पीड़िता कंचन के पेट में दर्द एवं बुखार होने लगा। इधर-उधर दिखाने के बाद भी आराम न मिलने पर दूसरी जगह जांच कराई गई। अल्ट्रासाउंड में पता चला कि पेट में कुछ है। उसी आधार पर प्रयागराज के एक डॉक्टर ने ऑपरेशन करके सात नवंबर को पेट से रुमाल निकाला। अब जब कंचन की तबियत ठीक हुई तब राकेश ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी। राकेश के अनुसार प्रसव कराने वाले डॉक्टर ने 68 हजार रुपये ले लिए थे, लेकिन लापरवाही की। थानाध्यक्ष सुजानगंज घनश्याम शुक्ल ने बताया की राकेश की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल का संचालक क्लीनिक बंद करके फरार है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट भी टूटापुलिस के अनुसार स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट टूटा हुआ था, जिसके चलते शिनाख्त नहीं हो पा रही है। दो मोबाइल मिले हैं, लॉक है। भारी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। आसपास लगे सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। वाराणसी के हुकुलगंज स्थित सांस्कृतिक संकुल के पास बीती रात भारी वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक भाग निकला। लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जेब से दो मोबाइल बरामद हुआ। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट टूटा हुआ था, जिसके चलते शिनाख्त नहीं हो पा रही है। दो मोबाइल मिले हैं, लॉक है। भारी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। आसपास लगे सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।



# यूपी सरकार के इस फैसले से पूर्वांचल के बीस हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार 10, 11 और 12 फरवरी 2023 को लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। इसमें पूर्वांचल के निवेशक भी हिस्सा लेंगे। काशी की कंपनी मेसर्स इंडियन कारपोरेशन ने वाराणसी व लखनऊ में 2000 करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला किया है। पूर्वांचल की 18 कंपनियां 2521.36 करोड़ रुवाराणसी से करार हो गया है। सबसे ज्यादा निवेश वाराणसी, लखनऊ, मिर्जापुर और चंदौली में होगा। इससे पूर्वांचल सहित प्रदेश के 20,793 युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश



सरकार 10, 11 और 12 फरवरी 2023 को लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। इसमें पूर्वांचल के निवेशक भी हिस्सा लेंगे। काशी की कंपनी मेसर्स इंडियन कारपोरेशन ने वाराणसी व लखनऊ में 2000 करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला किया है। यूपीसीडा से जो करार हुआ है, उसके मुताबिक, कंपनी 20 हजार युवाओं को रोजगार भी देगी। लॉजिस्टिक एंड वेयर हाउसिंग प्रोजेक्ट के साथ आ रही कंपनी को भूमि आवंटित कर दी गई है। वाराणसी के एपेक्स समूह ने मिर्जापुर में बड़े निवेश का करार किया है। इस समूह का आयुर्वेदिक कॉलेज पहले से चल रहा है। अब हॉस्पिटल के साथ ही एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला किया है। वाराणसी व आसपास के जिलों में 1521.36 करोड़ रुपये का निवेश यूपीसीडा से जो करार हुआ है, उसके मुताबिक वाराणसी, गाजीपुर, मिर्जापुर, जौनपुर और चंदौली में 1521.36 करोड़ रुपये का निवेश होगा। एक हजार करोड़ रुपये का निवेश लखनऊ में होना है। क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष नाथ ने बताया कि निवेश भले ही लखनऊ में होना है, लेकिन करार वाराणसी के खाते में गिना जाएगा।

# मैहर स्टेशन में प्रमुख सुविधाएं दी जाएंगी - डीआरएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मैहर।** स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 3 के बाहर दूसरी टिकट खिड़की व्यवस्था एवं प्लेटफॉर्म 1,2,3 में शेड वृद्धि वह स्वचालित सीढ़ी एवं अन्य स्वीकृत निर्माण कार्य अति शीघ्र प्रारंभ किए जा रहे हैं साथ ही मैहर स्टेशन में यात्री विश्रामालय बनाने के लिए तथा घुनवारा हॉट स्टेशन में रीवा जबलपुर शटल ट्रेन का स्थानक के लिए मुख्यालय लिखा गया है इसकी जानकारी डीआरएम विवेकशील ने मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति पश्चिम मध्य रेल जबलपुर कार्यालय में आयोजित बैठक में सदस्य भाई बलराम जग्यासी के प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत उन्हें अवगत कराया सदस्य भाई बलराम जग्यासी ने आभार व्यक्त करते हुए मां शारदा जी की चुनरी डी आर एम को भेंट कर स्वागत किया।



# देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के गृहमंत्री अमित शाह जी को आपत्तिजनक शब्द कहने वाले आरोपी को मैहर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर धर दबोचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मैहर।** देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नारेन्द्र मोदीजी एंव गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह जी को अपत्तिजनक शब्दो का इस्तेमाल करने वाले आरोपी को थाना मैहर पुलिस व्दारा किया गिरफ्तार श्री आशुतोष गुप्ता(भा.पु.से) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री एस के जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, श्री लोकेश डाबर एसडीओपी मैहर के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी **घटना विवरण :-** दिनांक 15/12/2022 को शाम नितिन पटेल पिता रामदीन पटेल निवासी पटेहरा थाना मैहर व्दारा एक 52 सेकेण्ड का वीडियो शोसल मीडिया में वायरल किया था जिसमे भारत के माननीय श्री नारेन्द्र मोदीजी एंव गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह जी के विरुध्द शत्रुतापूर्ण ढंग से सामुदायिक आधारो एंव भारत की आम जनता के बीच शत्रुता, घृणा वैमनस्तता पैदा करने देश की शान्ति



व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से अत्यन्त ही अश्लील घृणास्पद भावना से वीडियो वायरल कर प्रसारित किया गया था भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अनुपम सोनी के व्दारा सैकड़ो की तादात मे थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया गया जिस पर से थाना मैहर मे आरोपी नितिन पटेल पिता रामदीन पटेल निवासी पटेहरा थाना मैहर एंव अन्य के विरुध्द अपराध क्रमांक 978/2022 धारा 294.153.153क,505 (1), 506,34 ताहि कायम किया गया। आरोपी को भनक लगते ही अपना मोबाइल बन्द कर मैहर से फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभावित स्थानो मे दबिश दी गई लेकिन आरोपी का कोई पता नही चल रहा था । इसी दौरान सायवर सेल की मदद लेकर सम्पूर्ण रुप से पता तलाश करते हुए मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी सतना मे देखा गया है थाना से टीम रवाना कर ट्रान्सपोर्ट नगर एव नई बस्ती के बीच सतना मे आरोपी धर दबोचा गया जिसे लेकर थाना आये आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के इस कृत्य से मैहर एवं आसपास जन आक्रोश दिखाई दे रहा है 12 घंटे के अंदर मैहर पुलिस आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही जारी है नाम पता आरोपी नितिन पटेल पिता रामदीन पटेल उम्र 34 साल निवासी पटेरा थाना मैहर जिला सतना सराहनीय भूमिका आरोपी की धरपकड़ में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा उप निरीक्षक अजय अहिरवार एएसआई रणजीत सिंह प्रधान आरक्षक अनिल सिंह आरक्षक संजय तिवारी आरक्षक जय बागरी साइबर सेल उपनिरीक्षक अजीत सिंह एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।




सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) | फिटर |
| ➢ डेटा इंट्री आपरेटर | वेल्डर |
| ➢ फायर सेफ्टी | सीसीए |
| ➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग | रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी. |
| ➢ इलेक्ट्रीशियन | सिक्योरिटी सर्विस |
| ➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं | बेसिक कम्प्युटर |
| ➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक | कम्प्युटर हाडवेयर |



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# आरक्षण अधिनियम के तहत भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करें मध्यप्रदेश शासनः— बीएल यादव निराला आउट सोर्स भर्ती एवं संविदा नियुक्त बंद करें सीधी भर्ती प्रक्रिया अपनाई जाए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सतना।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेश के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष बीएल यादव निराला ने वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन कर अनेकों शासकीय विभागों में संविदा नियुक्त तथा आउट सोर्स द्वारा अपनाई जा रही भर्ती चाहती है ज्ञापन पत्र के माध्यम से जिलाध्यक्ष बीएल यादव निराला कलेक्टर सतना के माध्यम से अपील की है की भर्ती अधिनियम के प्रावधानों के तहत शीघ्र बैकलॉग पदों की पदों की सीधी पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया अपनाई जाए अन्यथा कांग्रेश पिछड़ा वर्ग जेल भैरव एवं सत्याग्रह के माध्यम से विरोध प्रदर्शन के लिए




प्रक्रिया को दोषपूर्ण बताते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मध्य प्रदेश शासन के मुखिया के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर सतना को सौंपकर सीधी भर्ती प्रक्रिया अपनाई जाने की मांग की महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन के नाम संबोधित 16 सूत्रीय ज्ञापन में तमाम साक्ष्यों से स्पष्ट है कि 2023 के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान भाजपा सरकार अपने चहेतों को अधिक से अधिक पदों पर नियुक्त करना चाहती है वर्तमान सरकार पीछे दरवाजे से एसटीएससी एवं पिछड़ा वर्गों के अधिकारों को छीन लेना बाध्य होगा ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महामंत्री बद्रीनारायण कश्यप ,अधिवक्ता संघ के सह सचिव दिलीप कुमार आर्य ,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष यादव ,वार्ड पार्षद संजीव सिंह यादव, एनएसयूआई शुभम साहू, शैलेश तिवारी ,शिवांश मिश्रा, रामप्रसाद यादव, रमाकांत यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग डॉ राम कुमार विश्वकर्मा ,संजय चौरसिया ,मिथिला शरण दास ,बाबूराव यादव ,संतोष सिंह ,रामनाथ यादव, सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए 17 को टेंडर वोटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 822 वकील मतदाता करेंगे मतदान 22 को मतदान व 23 दिसंबर को होगी मतगणना सोनभद्र बार एसोसिएशन वर्ष 2022-23 के निर्वाचन का राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में 17 दिसंबर को अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए टेंडर वोटिंग कराई जाएगी। 822 वकील मतदाता मतदान करेंगे। 22 दिसंबर को मतदान व 23 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। साथ ही सभी पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2022।23 के लिए अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार पांडेय, विजय कृष्ण वर्मा, उमेश मिश्रा व हेमनाथ द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्या, अरुण कुमार सिंघल व राजीव कुमार सिंह गौतम व कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों मनोज कुमार मिश्र व भानु प्रताप चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इन्हीं पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा, क्योंकि शेष पदों पर अकेला पर्चा लिए जाने की वजह से उन पदों पर निर्विरोध चुना जाना तय है। इसके लिए 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच टेंडर वोटिंग कराई जाएगी। कुल 822 वकील मतदाता मतदान करेंगे। इसके बाद 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतदान व 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतगणना होगी। उसी दिन विजयी पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही एल्डर कमेटी चेयरमैन की मौजूदगी में शपथ दिलाई जाएगी।सोनभद्र। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ संजय कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजमणि पाण्डेय एवं दीपक केसरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष नीचे के लिए गिरजा शंकर दुबे व प्रदीप पाण्डेय ने किया है। संयुक्त मंत्री प्रशासन गीता गौर, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शादाब आलम व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर के लिए सुनील कुमार, गोविंद प्रसाद मिश्र, दिनेश धर दुबे , सुशील कुमार चौबे ,मानिंद त्रिपाठी एवं महेंद्र प्रताप सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे के लिए कपिल कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, आशुतोष पाठक, अखिलेश कुमार मिश्र एवं संजय कुमार पाण्डेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है । अकेला पर्चा दाखिल होने की वजह से इन पदाधिकारियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। सोनभद्र बार एसोसिएशन वर्ष 2022-23 के निर्वाचन के लिए अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क तेज कर दिया गया है। और सभीलोग अपने जीत के दावे कर रहे हैं। जिसकी वजह वकील मतदाता असमंजस में हैं।

# सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** भरुहना स्थित अपना दल एस के जनसंपर्क कार्यालय में बृहस्पतिवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के



परिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान उनका स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम लौटन बिंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल ने सरदार पटेल के बारे में जानकारी दी जिलाध्यक्ष रामलौटन बिंद ने कहा कि आजादी के बाद भारत को एक सूत्र में पिरोकर एकजुट राष्ट्र की नींव रखने वाले भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल ही थे। संचालन युवा मंच अध्यक्ष उदय पटेल ने किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भरुहना चौराहा स्थित पटेल स्मारक पर जाकर कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जयप्रकाश बिंद, घनश्याम बौद्ध, दुर्गेश पटेल, रामवृक्ष बिंद, हेमंत कुमार बिंद, राजकुमार पटेल, योगेश पटेल, संजय उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के दो गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** लिंक भेजकर ऑनलाइन ठगी करने के दो आरोपियों को चुनार पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से ठगी



कर खरीदे गए घरेलू व अन्य सामान बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने पुलिस लाइंस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि चुनार के सद्दूपुर निवासी शिप्रा सिंह ने दो नवंबर को प्रार्थना पत्र देकर यूनियन बैंक व इंडियन बैंक के दो खातों से ऑनलाइन धोखाधड़ी व जालसाजी कर रुपये निकाल लिए जाने की तहरीर दी। क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने छानबीन कर पुलिस ने राजू कुमार महतो निवासी माल्हरा थाना हासीपुरा जनपद औरंगाबाद बिहार (हालपता उत्तम नगर नई दिल्ली) और नवीन मित्तल निवासी शुक्र बाजार उत्तम नगर ग्राउंड फ्लोर नई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजू कुमार के कब्जे से एक फर्जी नंबर प्लेट युक्त बाइक व ऑनलाइन फ्राड से अर्जित धन से फ्लिपकार्ट के जरिए खरीदे गए तेल, आटा, साबुन, बिस्कुट, मसाला, चाय आदि सामान बरामद किया। दोनों के पास से ऑनलाइन फ्राड करने में प्रयुक्त एक-एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गैंग है। जिसके कुछ सदस्य लोगों को गुमराह कर बैंक खाता खोलवाते हैं। जिसमें अपने गैंग के सदस्यों का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड कराकर बैंक खाते को स्वयं प्रयोग करते हैं। उन खातों में गैंग के अन्य सदस्य लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रुपये जमा करवाते हैं। उन रुपयों को एक से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर ऑनलाइन शॉपिंग कर घरेलू उपयोगी सामान मंगाते हैं।

# कानून एव शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओबरा पुलिस के द्वारा रैपिड एक्शन फोर्स के साथ किया गया रूट मार्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति/ कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना ओबरा पुलिस द्वारा रैपिड एक्शन फोर्स के साथ कस्बा ओबरा में रुट मार्च किया गया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के सम्बंध में सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । रुट मार्च करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता की गयी एवं इस दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई । इस दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा राजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक ओबरा मिथिलेश मिश्रा, चौकी प्रभारी कस्बा ओबरा अमित कुमार त्रिपाठी तथा पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहे ।



# कलेक्ट्रेट पर सशुल्क चिकित्सा योजना के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** परिषदीय विभाग के शिक्षकों द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय सरकार की सशुल्क चिकित्सा योजना के विरोध में धरना कर ज्ञापन दिया गया। शिक्षकों ने बताया कि योगी सरकार ने



सरकारी कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा देने का ढिंढोरा पूरे प्रदेश में जोरों से पीटा था, परन्तु बाद में जारी आदेश इस सुविधा का लाभ सिर्फ राज्यकर्मियों तक सीमित कर दिया गया और परिषदीय शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा के नाम पर भारी भरकम प्रीमियम वाली चिकित्सीय योजना का लोलीपॉप थमा दिया गया। इस आदेश में शिक्षकों से कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के नाम पर भारी-भरकम प्रीमियम लिया जा रहा है जबकि राज्य कर्मचारियों को यह सुविधा बिना किसी प्रीमियम के दी जा रही है जिस कारण से बेसिक शिक्षा परिषद के समस्त शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में सभी शिक्षक संगठनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सोनभद्र के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर जनपद एवं ब्लाक के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण के साथ अन्य संगठन अटेवा, यूटा, शिक्षामित्र संघ , महिला शिक्षक संघ एवं महिला शिक्षक सशक्तिकरण संघ आदि सभी संघों की सक्रिय भागीदारी रही । मंडल अध्यक्ष अखिलेश वत्स ने कहा कि ने कहा कि सरकार ने ऐसा आदेश ले आकर के शिक्षकों के साथ धोखा किया है। यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है यह शिक्षकों के साथ अन्याय है। जिला संयोजक अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यदि सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेती है जनपद के सभी विद्यालयों में तालाबंदी कर शिक्षक बीएसए कार्यालय और जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने से भी नहीं हिचकेंगे। अंत में इंदु प्रकाश सिंह के द्वारा उपस्थित समस्त शिक्षक संघों के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित समस्त शिक्षकों , शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सौरभ कार्तिकेय श्रीवास्तव, संजय मिश्र, दिवाकर तिवारी, अरुणेश पाण्डेय, देवेंद्र, रवि कान्त सिंह मौर्य, वकील अहमद खान, कुंजलता त्रिपाठी, साधना सारंग, अमरेश, अनिल द्विवेदी, उमाकांत पाण्डेय,नृपत पटेल, गणेश पांडेय , बृजेश सिंह महादेव, संजय सिंह , दिलीप पाठक, आनंद देव पाण्डेय , नवीन द्विवेदी, दिनेश दूबे, शिव कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 450 करोड़ से कराया जा रहे सीवर व जलापूर्ति के कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** नगर में अमृत योजना के तहत करीब 450 करोड़ रुपये से जलापूर्ति व सीवर लाइन का काम किया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत सीवर व जलापूर्ति की पाइप लाइन बिछाने के लिए नगर की अधिकांश सड़कें खोद दी गई हैं। पूरे नगर में 210 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछायी जा रही है। नगर में अधिकांश जगह पाइप लाइन बिछा दी गई है। अब उनका चैंबर बनाया जा रहा है। साथ ही अन्य कार्य किए जा रहे हैं। खोदाई के चलते नगर के रामबाग, पुलिस लाइंस, स्टेशन रोड, सिविल लाइंस दुर्दशाग्रस्त है। कार्यदायी संस्था जल निगम के परियोजना अधिकारी संजय कुमार का कहना है कि सीवर व जलापूर्ति की स्वीकृत योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने सहित अधिकांश कार्य लगभग पूरा कर लिए गए हैं। सड़कों का निर्माण भी शीघ्र कराया जाएगा। भरूहना आदि




इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सीवर लाइन का 30 प्रतिशत कार्य एक दशक पूर्व ही पूरा हो चुका था। बचे कार्यों के लिए 287 करोड़ रुपये से नगर में 203 किलोमीटर तथा विंध्याचल में 25 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछायी जा रही है। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल के लिए 115 करोड़ रुपये की स्वीकृत योजना के तहत से मोर्चाघर व रमईपट्टी से तहसील तिराहा होते हुए भरूहना मार्ग अधिक समस्याग्रस्त हैं। इन मार्गों पर काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। इसके चलते खोदाई के दौरान निकली मिट्टी के कारण कीचड़, धूल, गर्द व गड्ढे की समस्या का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। रामबाग, वासलीगंज से कचहरी मार्ग पर मंडलीय अस्पताल भी है। यह मार्ग सर्वाधिक जगहों पर सड़कें बनाई भी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जलापूर्ति की स्वीकृत योजना के तहत प्रस्तावित कार्य पूरा करने के लिए दिसंबर 2022 तक का समय निर्धारित था। यह समय बढ़ाकर अब मार्च 2023 कर दिया गया है। मार्च 2023 तक कार्य पूरा कराकर जलापूर्ति शुरू कर देने का लक्ष्य है। सीवर लाइन का कार्य दिसंबर 2023 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

# एक किग्रा 250 ग्राम गाजे के साथ एक अभियुक्त कि हुई गिरफ़्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी व तस्करों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त 01. बादल पुत्र सुकुलबारी, निवासी मलिन बस्ती वार्ड न0-01, तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष के कब्जे से 01 किग्रा 250 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0स0 169/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया। **अभियुक्त का विवरण -** बादल पुत्र सुकुलबारी, निवासी मलिन बस्ती वार्ड न0-01, तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष । **बरामदगी का विवरण-** 1.एक किग्रा 250 ग्राम गांजा बरामद । **पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 महेन्द्र यादव, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र । 2. का0 गुलाब चन्द यादव, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र । 3. का0 प्रदीप कुमार, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र।



# सभी परियोजनाओं को समय से करें पूरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** परियोजनाओं को किसी भी दशा में निर्धारित समय में पूरा कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। ये बातें अधीक्षण अभियंता नलकूप मंडल अश्वनी कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को लघु डाल नहर



प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कहीं। लघु डाल नहर प्रखंड कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने अभिलेखों के रखरखाव का अवलोकन किया। इस दौरान विभाग के अधिशासी अभियंता सहायक अभियंता व अवर अभियंताओं को निर्देश दिया कि साइट पर मौजूद रहकर परियोजनाओं को समय से पूरा कराएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधीक्षण अभियंता ने बैठक कर पटिहटा पंप कैनाल व हरगढ़ में प्रस्तावित परियोजनाओं में हुई प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधिशासी अभियंता दिलीप सोनकर के अलावा सभी सहायक अभियंता व अवर अभियंता मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा बस ड्राइवर एव कन्डक्टर कि मारपीट का वायरल बीडीओ का हुआ खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** होटल मालिक के द्वारा खाना खाने के पश्चात पैसा न देने एव दारू नशे मे गाली गलौज करने बीडीओ का का किया खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कल रात्रि मे हुई घटना कि पिपरी थाना द्वारा जब जांच कराई गयी तो



का बस ड्राइवर एव कन्डक्टर पर लगाया आरोप सोनभद्र/ अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से बस ड्राइवर एव कन्डक्टर को तीन पुलिस कर्मीयो कि मारपीट कि वायरल मामला कुछ सामने आया . कल रात मे स्थानीय क्षेत्रांतर्गत दिलीप गुप्ता एव सजय गुप्ता पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न0-01रेनूकुट के रहने वाले है जो कल रात मे रेलवे-स्टेशन के पास एक होटल चलाते है . कल रात को इस होटल मे बस ड्राइवर व कन्डक्टर रात मे खाना खाने आए खाना खाया जब होटल मालिक ने खाने के पैसे मांगे तो शराब के नशे मे धुत होने के कारण सन्जय गुप्ता से मारपीट करने लगे और बीना पैसे दिए वहा से चले आए . इस कि सूचना पुलिस को दी जब इस विषय मे पुलिस बस ड्राइवर व कन्डक्टर से पुछ ताछ करने गई तो दोनो बस मे जाकर छिप गये . जब पुलिस पकडने लगी तो हाथापाई हुई और चुकी कैमरा बस मे ही लगा था इस कारण विडियो को उतना ही वायरल किया गया जीतने मे केवल पुलिस टीम कि छबी खराब हो सके इस घटनाक्रम के पश्चात बस ड्राइवर व कन्डक्टर को शान्ति व्यव्स्था भग करने एव पुलिस कर्मियो के उपर बल का प्रयोग करने के अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे चालक एव कन्डक्टर के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

# एनटीपीसी सिंगरौली में राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतुदो दिवसीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एनटीपी सीसिंगरौलीशक्तिनगर में कार्यालय कामकाज की सुगमता एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा राजभाषाहिंदी का व्यापक प्रचार-भाषासंबंधीनियम,अधिनियम,सहज-सरल हिंदी प्रयोग सहित हिंदी के व्याकरणिक गुणों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला के अंतर्गत चारसत्रों मेंएनटीपीसी हिंदी का अनुपालन हमारा सांविधानिक दायित्व है एवं नैतिक दायित्व भी । दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला में श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली,श्री एस के गुजरानिया



प्रसारसुनिश्चित करने के उद्देश्य स ा ` दोदिवसीयविशेषहिंदीकार्यशालाकाआयोजनकिया गया । इस कार्यशाला मेंहिंदी के प्रख्यात विद्वान डा राजेंद्रप्रसादमिश्र, पूर्व महाप्रबंधक (राजभाषा), एनटीपीसी लिमिटेड/ पूर्व महासचिव, विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस/ पूर्व कुलसचिव, महात्मा गाँधी हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा/पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, जे. एन. यू. द्वारा कार्यालय के कामकाज में प्रयोग होने वाली हिंदी सिंगरौली के कर्मचारीगण,वरिष्ठअधिकारीगणको व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक ने डा राजेंद्रप्रसादमिश्रकेराजभाषाहिंदीप्रशिक्षण की अभिनवशैली की अत्यंत सराहना की। इस अवसर पर श्री बसुराज गोस्वामी ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली राजभाषा नियम एवं अधिनियम के अनुसार सभी कार्यालय कार्यहिंदी में करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि राजभाषा महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण)श्री ए. के. सिंह महाप्रबंधक(प्रचालन), श्री अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधक (अनुरक्षण), डा एस के खरे महाप्रबंधक (चिकित्सासेवाए), श्री जोसेफ बास्टियन महाप्रबंधक (ए डी एम), श्री प्रबोध कुमार, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), श्री बी के सिकदर विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), सभी वरिष्ठ अधिकारीगण,कर्मचारीगण अलग-अलग सत्रों में उपस्थित रहे एवं हिंदी कार्यशाला से लाभान्वित हुए।

# बांग्लादेश 150 रन पर ऑल आउट कुलदीप यादव ने लिए पांच विकेट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल आज खेला जा रहा है। भारत के पहली पारी में 404 रन के जवाब में बांग्लादेश ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट खोकर 133 रन बनाए थे। मेहदी हसन मिराज और इबादत हुसैन क्रीज पर मौजूद थे। कुलदीप यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए इबादत को आउट कर तीसरे दिन भारत को पहली सफतता दिलाई। बांग्लादेश 55.5 ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 404 रन के जवाब में बांग्लादेश की बल्लेबाजी बेहद खराब रही बिना टीम का खाता खोले उसने अपना पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद लगातार अंतराल पर टीम ने विकेट गंवाए। एक वक्त टीम 8 विकेट खोकर 102 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। लेकिन मिराज और इबादत हुसैन ने 9वें विकेट के लिए नाबाद 36 रन जोड़े। भारत के तरह से कुलदीप यादव ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट हासिल किए। भारत ने पहली पारी में नीचले क्रम के बल्लेबाज कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन के बीच हुए 7वें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी के दम पर 404 रन बनाए। इससे पहले भारत ने दूसरे दिन 6 विकेट खोकर 278 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन केवल 4 रन जोड़कर अय्यर 86 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें इबादत हुसैन ने बोल्ड किया। भारत की तरफ से अय्यर के अलावा पुजारा और रविचंद्रन अश्विन ने अर्धशतकीय पारी खेली। भारत की पारी का पहला दिन पुजारा और श्रेयस अय्यर के नाम रहा। दोनों ने 5वें विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया को शुरुआती झटकों से उबारा। दोनों ने अर्धशतक जड़ा, पुजारा 90 रन बनाकर तैजुल इस्लाम की गेंद पर बोल्ड हुए, जबकि दिन के आखिरी गेंद पर 14 रन बनाकर अक्षर पटेल एलबीडब्ल्यू आउट हुए। इससे पहले रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारत की तरफ से शुभमन गिल और केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की, लेकिन जल्द ही शुभमन गिल 20 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने यासिर अली के हाथों कैच कराया। जल्द ही भारत को राहुल और फिर कोहली के रूप में दूसरा और तीसरा झटका लगा। राहुल 22 जबकि कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए।चौथे विकेट के लिए पंत और पुजारा ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की वापसी कराई, लेकिन 45 गेंद पर 46 रन बनाकर पंत आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 50 छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



# कुर्सी की पेटी बांध लो' फीफा वर्ल्ड के फाइनल मैच का हिस्सा होंगे शाहरुख खान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में अर्जेंटिना ने 3-0 से क्रोएशिया को हराकर फाइनल में जगह बना ली तो दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराकर फाइनल में इंट्री मार ली। 5 गोल के साथ एमबाप्पे और मेसी इस विश्वकप में सर्वाधिक गोल की दौड़ में सबसे आगे हैं। 18 दिसंबर को लुसैल स्टेडियम में फीफा विश्वकप का फाइनल होगा। भारत में फीफा का फीवर सिर चढ़कर बोल रहा है। क्या आम और क्या खास! इस समय सभी लोग फीफा वर्ल्ड कर



का मजा उठा रहे हैं। बता दें कि बॉलीवुड के कई सेलेब्स कतर जाकर स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड का लुफ्त उठा चुके हैं। बॉलीवुड की बात हो और बॉलीवुड के बादशाह का जिक्र न हो! ऐसा होना मुश्किल है। फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को लेकर शाहरुख खान का ऐलान किया है कि वो जियो सिनेमाज के स्टूडियो से फाइनल मैच देखेंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि फाइनल मैच देखने के लिए वो कतर नहीं जाएंगे। शाहरुख ने सोशल मीडिया हैंडल ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में शाहरुख खान बोलते हुए नजर आ रहें हैं, 'अपनी कुर्सी की पेटी बांध लो, मौसम बिगड़ने वाला है।

# मनोज प्रभाकर ने छोड़ा नेपाल क्रिकेट टीम का कोचिंग पद बोर्ड ने दी जानकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मनोज प्रभाकर ने नेपाल क्रिकेट टीम के कोच पद को छोड़ दिया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। ट्वीट में लिखा गया है कि मनोज प्रभाकर ने 15 दिसंबर 2022, तत्काल प्रभाव से नेपाल मेंस क्रिकेट टीम के कोचिंग पद को छोड़ दिया है। हमने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मनोज प्रभाकर ने बीते जून को नेपाल क्रिकेट टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने पुबुदु दस्सानायके की जगह ली थी। दस्सानायके ने निजी कारणों से इस पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी देखरेख में नेपाल क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में तेजी से बदलाव भी आया था। हाल ही में उनकी कोचिंग ने केन्या को 5 मैच की ऊ20घ् सीरीज में 3-2 से हराया था। इसके अलावा टीम ने वनडे सीरीज में भी 3-0 से जीत हासिल की थी। नेपाल क्रिकेट टीम का यह



दौरा अगस्त-सितंबर के बीच हुआ था। मनोज प्रभाकर के क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने 1984 से 1996 के बीच 39 टेस्ट और 130 वनडे मैच खेले हैं। उन्हें इससे पहले भी कोचिंग का अनुभव रहा है। इससे पहले वह दिल्ली, राजस्थान और उत्तरप्रदेश जैसी टीमों के लिए यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 2008 में जब वह दिल्ली के बॉलिंग कोच थे तब दिल्ली की टीम ने रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। मनोज प्रभाकर ने कोचिंग पद छोड़ तो दिया है लेकिन मौजूद समय में नेपाल क्रिकेट टीम गहरे संकट से गुजर रहा है। टीम पर अपनी वनडे स्टेटस खोने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में टीम कैसे इससे बचेगी, यह देखने दिलचस्प होगा।

# मां कल तुम मैच देखना मैं लाइव रहूंगा, अगली सुबह हो गई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने अपनी मां की दुखद मौत पर खुलकर बात की। नसीम शाह ने बताया कि गेंदबाज को जिस दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करना था। मां से बहुत ज्यादा जुड़ा हुआ था। जब मैं 12 साल का था, तब मैंने क्रिकेट की वजह से घर छोड़ दिया था। मैं लाहौर शिफ्ट हो गया।ङ्गनसीम ने आगे कहा, जब मेरा डेब्यू आया, तो उसने मुझे एक दिन पहले फोन किया और मैंने उससे छह से आठ महीने मेरे लिए बहुत कठिन रहे। मुझे हर जगह मां ही दिखती थी, लेकिन जब आप टीम के लिए खेलते हैं तो आपको सबकुछ भूलकर अच्छा प्रदर्शन करने को सोचते हैं। अब मैं मजबूत हूं। क्योंकि मैं जानता हूं



उसके एक दिन पहले उनकी मां निधन हो गया था। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2019 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी स्काई स्पोर्ट्स स्टार से बात करते हुए नसीम ने अपनी मां के साथ बिताए हुए लम्हों की यादों को ताजा किया। तीन साल बाद अब नसीम ने उस घटना के बारे में बताया, जिसने उनकी जिंदगी को झकझोर कर रख दिया था। नसीम ने बताया, मैं अपनी कहा, कल मेरा डेब्यू है। वह टीवी नहीं देखती थी, उसे क्रिकेट की समझ नहीं थी, लेकिन मैंने उससे कहा, तुम्हें कल मैच देखना चाहिए क्योंकि मैं खेल रहा हूं, मैं टीवी पर लाइव रहूंगा।ङ्ग नसीम शाह ने कहा,वह बहुत खुश थी, उसने कहा कि वह खेल देखने के लिए लाहौर आएगी। अगली सुबह जब मैं उठा तो टीम प्रबंधन का मेरे पास फोन आया और कहा, तुम्हारी मां का निधन हो गया है। अगले मैं इसे संभाल सकता हूं। गौरतलब हो कि 16 साल की उम्र में नसीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया। नसीम ने अपने डेब्यू मैच में डेविड वार्नर का विकेट लिया। नसीम इस समय पाकिस्तान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं। वह हर फॉर्मेट में टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी छाप छोड़ते जा रहे हैं।

# सेमीफाइनल में फ्रांस से हारने के बाद भड़के मोरक्को के समर्थक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप के सेमीफाइनल में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



सेमीफाइनल में मिली हार के बाद मोरक्को के समर्थन भड़क गए। हार के मोरक्को के समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए तोड़फोड़ की। बुधवार रात ल्योन में दंगे भड़क उठे। वहीं फ्रांस की जीत का जश्न माने के दौरान एक बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बता दें कि 1912 से 1956 तक मोरक्को फ्रांसीसियों का गुलाम रहा है। फीफा विश्व कप में उलटफेर करते हुए मोरक्को सेमीफाइनल में पहुंचा था। ऐसे में दर्शकों को उम्मीद थी कि वह फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फ्रांस में भड़के दंगे को पुलिस ने बड़ी मुश्किल से शांत करवाया। औपनिवेशक अतीत होने के चलते फ्रांस में बड़ी संख्या में मोरक्को के प्रवासी रहते हैं। उत्तरी अफ्रीकी देश की करीब 38 मिलियन की आबादी की तुलना में, लगभग 5 मिलियन मोरक्को ने फ्रांस को अपना घर बना लिया है।

# राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के कोच को लेकर कही ये बड़ी बात



(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच चटगांव में खेला जा रहा है। इससे पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने विराट कोहली और बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच को लेकर बड़ा खुलासा किया। राहुल द्रविड़ ने विराट को लेकर कहा कि उन्हें पता है कि कब एग्रेसिव होना है और कब शांत रहना है। वहीं, बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच डोनाल्ड को लेकर कहा कि, मैंने अपने करियर में अब तक जितने भी गेंदबाजों को खेला है, डोनाल्ड उन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में कहा, ङ्घवह (विराट) जानता है कि कब आक्रामक होना है और कब खेल को नियंत्रित करना है, यह देखना अविश्वसनीय है और हमारे लिए अच्छा संकेत है। विराट के पास 50 ओवर के क्रिकेट में एक अविश्वसनीय टेम्पलेट है। उनका रिकॉर्ड बोलता है। यह अभूतपूर्व है कि उन्होंने कितने मैच खेले हैं। द्रविड ने आगे कहा, ङ्घकोहली चाहे अच्छा खेल रहे हों या फॉर्म में ना हों, वह तभी उतनी ही प्रैक्टिस करते हैं जितना वो हमेशा करता है। वह कभी नहीं बदलता। यह युवा खिलाड़ियों के लिए एक सबक है। कोहली से टीम के युवा खिलाड़ी सीख सकते हैं। बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड ने राहुल द्रविड़ से 1997 में एक त्रिकोणीय सीरीज के दौरान की गई स्लेलिंग के लिए मांफी मांगी है। इस पर द्रविड़ ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि, ङ्घवह एक महान गेंदबाज थे। वह शायद मेरे करियर में अब तक खेले गए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं।

# इंजरी के बाद पहला टेस्ट खेल रहे कुलदीप यादव ने बताया सफलता का राज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** इंजरी के बाद टेस्ट मैच में वापसी कर रहे स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव की गेंदबाजी के सामने चटगांव टेस्ट में बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने 10 ओवर की गेंदबाजी में केवल 33 रन देकर 4 खिलाड़ियों को आउट किया। उनकी गेंदबाजी का ही नतीजा था कि भारत के 404 रन के जवाब में एक वक्त बांग्लादेश की टीम 100 रन के भीतर अपना 6 विकेट गंवा चुकी थी। हालांकि, दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने 8 विकेट खोकर 138 रन बनाए। वनडे सीरीज के हीरो रहे मेहदी हसन मिराज अब भी 16 रन बनाकर नाबाद हैं। मैच के बाद कुलदीप यादव ने अपनी गेंदबाजी को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा ठमैं शुरुआत में नर्वस था, लेकिन मैं भाग्यशाली था कि मुझे पहले ही ओवर में विकेट मिल गया। कुछ ओवर बाद मैंने अपने पेस में बदलाव किया और दोनों तरफ से गेंदबाजी की। मुझे विकेट से काफी मदद मिल रही थी। कुलदीप यादव इंजरी के बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटे हैं। उन्होंने बताया कि 'इंजरी के दौरान मैंने अपने रिदम और पेस पर काम किया। अब मैं थोड़ा तेज डालने की कोशिश करता हूं, जिसने मुझे मदद मिली है। जब मैं बैटिंग कर रहा था तब मुझे लगा कि स्पिन गेंदबाजों के लिए इस पिच पर मदद नहीं है। लेकिन जब आप कूकाबुरा गेंद से गेंदबाजी करते हैं तो इस तरह की विकेट पर आपको टर्न मिलता है। इससे पहले कुलदीप यादव ने बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर 8वें विकेट के लिए 92 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इन दोनों की साझेदारी का ही नतीजा था कि भारत 400 रन का आंकड़ा छू पाया। कुलदीप ने 114 गेंद पर 40 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 5 चौके लगाए।



# राशिफल





**मेष-**ःतली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**ःजीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**ःक्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**ःआज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**ःआपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**ःप्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**ः जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।


**वृश्चिक-**ःछात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।


**धनु-**ःइससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**ःलंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**ःभावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**ःआज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# भारत के संकट मोचन बने अश्विन, बल्ले से किया कमाल; गेंदबाजी में भी हासिल कर सकते हैं यह मुकाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश भारतीय टीम पहली पारी को 404 तक पहुंचने में मदद की। गौरतलब 4 और इंग्लैंड के खिलाफ 1 शतक लगाया है। दूसरे दिन का खेल शुरू अश्विन अब बॉलिंग में भी नया कीर्तिमान रच सकते हैं। आर



के बीच खेले जा रहे चटगांव टेस्ट मैच में टीम इंडिया के क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन का दूसरे दिन जलवा देखने को मिला। दूसरे दिन का खेल शुरू होते ही पहले सेशन में भारत ने श्रेयक अय्यर का विकेट खो दिया। इसके बाद रविचंद्रन अश्विन ने बैटिंग में कमाल दिखाते हुए 58 रन की शानदारी पारी खेली। साथ ही कुलदीप यादव के साथ मिलकर 92 रन की साझेदारी कर हो कि यह कोई पहली बार नहीं हैं, जब अश्विन ने बल्ले से कमाल किया हो। अश्विन अब तक अपने टेस्ट करियर में कई मौकों पर भारत के लिए बल्ले से योगदान दे चुके हैं। नवंबर 2011 में अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। तब से लेकर अब तक अश्विन ने 87 टेस्ट मैच में पांच शतक और 13 अर्धशतक बनाए हैं। अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होते ही एक समय भारतीय टीम के 293 रन पर सात विकेट गिर चुके थे। भारत तीन सौ रन के आसपास सिमटता दिख रहा था। ऐसे में अश्विन और कुलदीप ने खूंटा गाड़ दिया। दोनों ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। कुलदीप यादव ने 40 रनों की पारी खेली। टेस्ट करियर में कुलदीप यह बेस्ट स्कोर है। बांग्लादेश के खिलाफ बल्ले से कमाल कर चुके अश्विन यदि दोनों टेस्ट मैच में आठ विकेट लेने में सफल हो जाते हैं तो वह 450 विकेट के आंकड़े तक पहुंच सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वह ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अश्विन ने अब तक 87 टेस्ट मैचों में 24.15 की औसत से 442 विकेट चटकाए हैं। इनसे आगे अनिल कुंबले 619 विकेट के साथ सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं।

# सम्पादकीय

## जबतक नई व्यवस्था खड़ी नहीं होगी, जजों की नियुक्तियों पर सवाल उठता रहेगा

उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की मौजूदा कोलेजियम व्यवस्था को लेकर उठते रहे सवालों और सुप्रीम कोर्ट की ओर से जताई गई तीखी प्रतिक्रिया के बीच गुरुवार को फिर से सदन में असंतुष्टि जाहिर हुई। केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू ने अदालतों में मुकदमो के बढ़ते ढेर को निपटाने के प्रयास और न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए राज्यसभा में कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर जबतक हम नयी व्यवस्था खड़ी नहीं करेंगे, तबतक न्यायाधीशों की रिक्तियों का मुद्दा और नियुक्तियों का सवाल उठता ही रहेगा। कानून मंत्री इतने पर ही नहीं रुके उन्होंने एनजेएसी के लागू न हो पाने की ओर इशारा करते हुए आगे कहा मुझे यह कहते हुए अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन यह बात सही है कि इस देश की या इस सदन की जो भावना रखी गई थी, उसके मुताबिक हमारे पास व्यवस्था नहीं बनी है। मालूम हो कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की व्यवस्था बदलने के लिए सरकार एनजेएसी कानून लाई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कानून रद कर दिया था जिससे कि 1993 से लागू नियुक्ति की कोलेजिमय व्यवस्था फिर बहाल हो गई। न्यायाधीशों की नियुक्ति की कोलेजियम की सिफारिशों को मंजूर करने में सरकार की ओर से की जाने वाली देरी और सिफारिशें दबा कर बैठ जाने का मुद्दा उठाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोलेजियम व्यवस्था कानून है और उसका पालन करना होगा। कोर्ट ने टिप्पणियों में यह भी कहा था कि सरकार अगर कानून लाना चाहती है तो उसे किसने रोका है लेकिन अभी यही कानून है और इसका पालन करना होगा। इतना ही नहीं कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से पैरोकारी कर रहे अटार्नी जनरल से कहा था कि वह सरकार को इस कानूनी स्थिति को समझाएं। गुरुवार को कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने राज्यसभा में कानून मंत्री से सवाल पूछा कि इस समय देश में 4.90 करोड़ केस लंबित हैं। मुवक्किल भटक रहे हैं परेशान हैं उनके केस निस्तारित नहीं हो रहे। आखिर इसके लिए किसे जिम्मेदार मानें। न्यायपालिका कहती है कि सरकार नियुक्तियों को मंजूर नहीं करती। तमाम पद खाली पड़े हैं और सरकार कहती है कि जो कोलेजियम सिस्टम है वह इस तरह का होना चाहिए जैसा कि एनजेएसी में प्रस्ताव था जिसमें सब लोगों के साथ मिल जुल कर जजों का चयन हो। शुक्ला ने कहा कि उनका सवाल है कि सरकार के पास इस समस्या के निराकरण की क्या योजना है। कानून मंत्री ने जवाब में 2015 में संसद से न्यायाधीशों की नियुक्ति के आयोग (एनजेएसी) के पारित होने का जिक्र किया और यह भी बताया कि दो तिहाई राज्यों ने भी उसे मंजूरी दे दी थी। कानून मंत्री ने कहा इस समय रिक्तियों को भरने के लिए सरकार के पास बहुत सीमित अधिकार हैं। कोलेजियम जो नाम तय करके भेजती है, उसके अलावा सरकार के पास कोई अधिकार नहीं है कि जजों की नियुक्ति के लिए सरकार नये नाम ढूढे। उन्होंने कहा कि सरकार कई बार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश से कह चुकी है कि जजों की रिक्तियों को भरने के लिए तुरंत नाम भेजे जाएं। नाम भेजते वक्त ऐसे नाम भेजे जाएं जिनमें वह क्वालिटी हो और देश की विविधिता को देखते हुए , सभी जातियों, सभी धर्मों और खास तौर पर महिलाओं के नाम भी उसमें शामिल होने चाहिए कानून मंत्री ने कहा लेकिन मुझे लगता है कहीं न कहीं हमारे सदन की जो भावना है अथवा देश की जनता की जो भावना है, उसके मुताबिक हम काम नहीं कर पा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि वह यहां से बहुत ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहते क्योंकि कभी कभी यह लग सकता है कि कोर्ट को जो अधिकार दिये गए है उनमें सरकार हस्तक्षेप कर रही है। कानून मंत्री ने कहा लेकिन अगर संविधान के प्राविधान देखेंगे तो नियुक्ति की प्रक्रिया है, उस पर सरकार का अधिकार था और इसको लेकर कोर्ट के साथ सरकार का कंसल्टेशन चलता था। 1993 के बाद वह सब बदल गया।अगर हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की रिक्यों को देखा जाए तो 9 दिसंबर तक हाई कोर्ट में 777 न्यायाधीश काम कर रहे है जबकि मंजूर कुल पद 1,108 हैं हाई कोर्ट में कुल 331 रिक्तियां हैं जो कि 30 फीसद हैं। ऐसे ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के 24 पद मंजूर हैं जबकि कुल 28 न्यायाधीश अभी काम कर रहे हैं। छह पद खाली हैं।

## राजनीतिक विरोध की मर्यादा, हमें ही खींचनी होगी लक्ष्मण रेखा

राजनीति में एक दूसरे के बारे में शब्द प्रयोगों में मर्यादाओं का अतिक्रमण हमारे यहां समय-समय पर कई कारणों से चर्चा में रहता है। अभी मध्य प्रदेश में पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को पन्ना जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें वह कह रहे हैं कि संविधान को बचाना है, तो मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहना होगा। हालांकि हंगामे के बाद उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि उनका मतलब था प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में हराना, लेकिन उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। ठीक उसी दिन उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी। न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आप सार्वजनिक बहस का स्तर इतना नीचे गिराएंगे, तो आपको परिणाम भुगतने होंगे। राजनीति में आलोचना और विरोध में सीमाओं के अतिक्रमण के ये दो मामले ही नहीं है। आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कुछ दिन हंगामा होता है और फिर शांत होते-होते किसी न किसी का दूसरा बयान आ जाता है। यहां तक कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में भी ऐसी टिप्पणियां आती हैं। अभी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के एक सदस्य को चेतावनी दी कि आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करें, अन्यथा कार्रवाई करनी होगी। प्रश्न है कि इन सबको किस रूप में देखा जाए यदि आप प्रधानमंत्री को चुनाव में हराना चाहते हैं, तो आप कह सकते हैं कि राजनीतिक रूप से उनको समाप्त करना होगा, परास्त करना होगा। इसमें बोलते समय अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने का पहलू तो है। मगर उपरोक्त प्रसंग में जिस तरह के शब्द प्रयोग किए गए, उसका अर्थ है कि ऐसे लोग राजनीति में अपने विरोधी



को प्रतिस्पर्धी न मानकर उनके प्रति अतिवाद की सीमा तक घृणा या जुगुप्सा पालते हैं। राजनीति में विरोधी पार्टियों व नेताओं से मतभेद, असहमति स्वाभाविक है। विचारधारा के स्तर पर टकराव और संघर्ष भी अस्वाभाविक नहीं है। किंतु शब्द और व्यवहार की मर्यादा ही लोकतांत्रिक समाज की सच्ची पहचान है। इसी तरह उच्च पदों पर आसीन या सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों को किसी के बारे में कोई आरोप लगाने के पहले उसके तथ्यों की पूरी छानबीन करनी चाहिए। ऐसा नहीं करने का अर्थ है, एक नेता होने की जिम्मेवारी को आप नहीं समझते या पालन नहीं करते। मनीष सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि कोविड 2020 में असम सरकार ने बाजार मूल्य से ज्यादा पर पीपीई कीट आपूर्ति का ठेका मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी की बिजनेस पार्टनर फर्म को दिया था। उनकी ओर से पेश दलीलों को ठुकराते हुए न्यायालय ने कहा कि आपने कहा था कि असम में भाजपा के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार का यह है कच्चा चिट्ठा। इसका क्या मतलब है? आपने आरोप कोविड के दौरान लगाए। यह अहसास किए बगैर कि देश किस दौर से गुजर रहा है। न्यायालय के सामने पूरे तथ्य हैं। कुल मिलाकर न्यायालय यही कह रहा है कि सार्वजनिक जीवन में एक-दूसरे के विरुद्ध प्रतिक्रियाओं, आरोपों आदि का मान्य उच्च स्तर कायम रहना चाहिए।

## चीन पर निर्भरता कम करने की चुनौती नाकाम साबित हो रही हैं तमाम कोशिशें

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में राज्यसभा में कहा कि चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 में भारत और चीन के बीच 1.48 अरब डालर का व्यापार घाटा था, लेकिन वित्त वर्ष 2013-14 में यह बढ़कर 36.21 अरब डालर तक पहुंच गया। इस प्रकार इसमें करीब 2346 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन वर्षों में चीन से आयात भी बढ़कर दस गुना से अधिक हो गया। स्थिति यह रही कि इन वर्षों में पूरा देश चीन में निर्मित घटिया चीनी उत्पादों से भर गया और भारत लगातार बहुत कुछ चीनी सामानों पर निर्भर होता गया। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में चीन से आयात और व्यापार घाटा कम करने के लगातार प्रयास किए गए हैं, लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान भारत और चीन के बीच 44.33 अरब डालर का व्यापार घाटा था, यह वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बढ़कर 73.31 अरब डालर पर पहुंच गया। सीमा पर तनाव के बावजूद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय करोबार में 43.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि, वित्त वर्ष 2014-15 से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हो रहे हैं। इस कड़ी में वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण भारत के प्रति चीन की आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आने के बाद से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी है। देश भर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार द्वारा टिक-टाक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामानों के आयात पर नियंत्रण के लिए कई सामानों पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को



लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के सामानों की भारत में मांग में तुलनात्मक कमी दिखाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फार लोकल मुहिम के प्रसार ने भी दीपावली और अन्य त्योहारों पर स्थानीय उत्पादों की खरीदारी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन मिलते हुए दिखाई दिया है, फिर भी चीन से त्योहारी उत्पादों का भारत में आयात बढ़ा है। परिणामस्वरूप सितंबर से नवंबर 2022 के त्योहारी महीनों में देश के बाजारों में चीन का प्रभुत्व दिखाई दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल अगस्त में चीन से एलईडी लाइट और लैंप का 72 लाख डालर मूल्य का आयात किया गया, जबकि पिछले साल अगस्त में इनका आयात मूल्य करीब 42 लाख डालर था। इस वर्ष अगस्त में चीन से 19.7 लाख डालर मूल्य के गिफ्ट आइटम का आयात किया गया, जबकि पिछले वर्ष अगस्त में चीन से 81 हजार डालर मूल्य के गिफ्ट आइटम मंगाए गए थे। कारोबारियों के अनुसार अधिक कीमत चुकाने में सक्षम मध्यम वर्ग के लोग खरीदारी में स्थानीय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे थे, जबकि निम्न आय वर्ग के लोग सस्ती चीनी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे थे। इससे साफ है कि त्योहारी खरीदारी में चीन के वर्चस्व को तोड़ने की चुनौती बनी हुई है। इस बीच आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्यूफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टरों को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआइ स्कीम की सफलता के कारण ही इस साल अप्रैल-अगस्त के दौरान फार्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 प्रतिशत की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले देश में लगभग सारे स्मार्टफोन चीन से मंगाए जाते थे, क्योंकि मोबाइल हैंडसेट के सिर्फ दो प्लांट थे, लेकिन अब देश में 200 कंपनियां मोबाइल हैंडसेट निर्माण में सक्रिय हैं। निःसंदेह चीन से व्यापार घाटा देश की बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासतौर से एक ऐसे समय में जब चीन सीमा पर आक्रामकता दिखा रहा है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढ़कर चीन से बढ़ते आयात और व्यापार घाटे के परिदृश्य को काफी हद तक बदल सकते हैं। स्थानीय बाजारों में चीनी उत्पादों को टक्कर देने एवं चीन से व्यापार घाटा और कम करने के लिए हमें उद्योग-कारोबार क्षेत्र की कमजोरियों को दूर करना होगा। भारत को इलेक्ट्रानिक एवं केमिकल मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताएं बढ़ानी होंगी। देश के सार्वजनिक उपक्रमों में भी मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देना होगा। हम देश में मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाकर लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल बना सकते हैं। सरकार को स्वदेशी उत्पादों को चीनी उत्पादों से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कुछ सूक्ष्म आर्थिक सुधारों को लागू करने के साथ उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा। इससे और अधिक कारोबारी आगे आएंगे और वे आयातित चीनी वस्तुओं, कच्चे माल के स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करेंगे। उम्मीद करें कि भारत द्वारा वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के बीच ऐसे रणनीतिक प्रयत्न किए जाएंगे, जिनसे भारत दुनिया के नए आपूर्ति केंद्र और मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

## वे जो सुर्खियों में नहीं हैं, इसलिए बेकार हो जाती हैं तमाम पुनर्वास योजनाएं

हमारे पास इस बात का विश्वसनीय आंकड़ा होना चाहिए कि कितने



भारतीय अब भी मानव अपशिष्ट की असुरक्षित सफाई जैसी गतिविधि में शामिल हैं। यह भी समझने की जरूरत है कि मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाएं पूरी तरह से काम क्यों नहीं कर पाई हैं। विश्व कप फुटबॉल और चुनावी विश्लेषण के सुर्खियों में रहने के साथ एक बार फिर एक बहुत ही गंभीर सवाल धीरे-धीरे सार्वजनिक चर्चा में छाए रहने की संभावना है। सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय 'दुर्घटनाओं' के कारण भारतीयों की मौत वर्ष 2022 में भी क्यों जारी है इस हफ्ते केंद्र सरकार ने लोकसभा को बताया कि देश में पिछले तीन वर्षों (2019 से 2022) में हाथ से मैला ढोने के कारण किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इस अवधि के दौरान 233 लोगों की मौत 'सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय दुर्घटनाओं के कारण' हुई। उसके तुरंत बाद, सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक, बेजवाड़ा विल्सन ने ट्वीट किया, 'सरकार सभी सीवर और सेप्टिक टैंक में हुई मौतों को केवल दुर्घटनाओं बताने की इच्छुक है। ऐसे में, इस अप्रतिष्ठित जाति-आधारित कुप्रथा को समाप्त करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।' सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने एक लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 2022 में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 48 श्रमिकों की मौत हुई, जिनमें दिल्ली के चार और हरियाणा के 13 (देश में सर्वाधिक) सफाईकर्मी शामिल थे।

## महज 20 रुपये में अनमोल जिंदगी का सौदा सस्ते दाम पर ताबड़तोड़ बेची गई शराब

जहरीली शराब पीने से बुधवार की देर रात तक 31 लोगों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शासन अभी से शराब तस्करों की धर-पकड़ में जुट गया है। मेन सप्लायर पिता-पुत्र समेत 40 लोग पकड़े गए हैं। सरकार भी देर-सबेर जवाबदेह अफसरों पर कार्रवाई करेगी। परंतु मौत की नींद सुला देने वाली शराब की खेप बनाई कहां गई, इसे भेजा है, सोमवार की शाम से लेकर मंगलवार तक जिन लोगों ने इस क्षेत्र में पाउच में सप्लाई की गई देसी शराब पी, उनकी हालत बिगड़ती गई और इनमें से 22 लोगों ने दम तोड़ दिया। इसी तरह अमनौर व मढ़ौरा की तीन किमी परिधि में भी बीती दो शाम पाउच वाली देसी शराब जिसने भी पी, उसे कुछ घंटों पर उल्टी होने लगी, पेट व शरीर से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। एसपी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। डीएम राजेश मीणा व एसपी संतोष कुमार ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर स्वीकार किया है कि सारण जिले के इसुआपुर के डोईला, मशरक के यादोपुर, मढ़ौरा के हसनपुर एवं अमनौर हुसेपुर में संदिग्ध परिस्थिति में जहरीले पदार्थ से लोगों की मौत



किसने और कैसे तथा इसे लोगों तक सुलभ किसने किया और पी किन क्षेत्रों में गई, यह सवाल हर संवेदनशील व्यक्ति के मन में कौंध रहा है, जो इन असमय मौतों से स्तब्ध है। मरने वालों के स्वजन स्पष्ट कह रहे हैं कि उन लोगों ने कहां शराब पी और किसने पिलाई। इनके उपलब्ध वीडियो में दिए बयानों को आधार मानें तो सारण के जदु मोड़, बहरौली, मशरक तख्त, डोइला, हनुमानगंज की चार किमी परिधि में शराब खुलेआम बिकती में तेज दर्द उठा, आंखों से कम दिखने लगा और अंततः नौ लोगों की मौत हो गई। अभी भी तीन दर्जन से अधिक लोग छपरा सदर अस्पताल समेत छपरा व पटना के निजी अस्पतालों में इलाजरत हैं। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। बताया यह भी जा रहा है कि देसी शराब के पाउच बीते दो दिन सस्ते में यानी 20 रुपये में बेचे जा रहे थे, इस कारण लोगों ने ताबड़तोड़ खरीदे और इस तरह तड़पकर जान देनी पड़ गई। इस कारण किसी साजिश हुई है। इन गांवों में बीमार पड़े लोगों की तलाश के लिए मेडिकल टीम घर-घर जाकर सर्वे करेगी। ताकि उनका बेहतर उपचार कर जीवनरक्षा की जा सके। सारण में जहरीली शराब से मौत की घटना के बाद शराब बेचने एवं पीने वालों की धड़पकड़ व आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि सोनपुर के एसडीपीओ एएसपी अंजनी कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है।

## देश के हित में है कांग्रेस का प्रासंगिक रहना, क्या देश की सबसे पुरानी पार्टी का अवसान राष्ट्रहित में होगा

गुजरात में भाजपा की विलक्षण विजय और विरोधियों पर लगभग पूर्ण वर्चस्व की स्थिति ने पार्टी के बड़े से बड़े समर्थक को भी हतप्रभ किया है। पार्टी को मिले 52.50 प्रतिशत मतों का आंकड़ा देश-प्रदेश में दुर्लभ है, जो अपने गृहराज्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विराट लोकप्रियता को दर्शाता है। गुजरात से इतर हिमाचल की जनता ने सत्तारूढ़ भाजपा को खारिज कर कांग्रेस की सरकार चुनी तो दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी में आम आदमी पार्टी-आप सत्तासीन हुई। ऐसे में संभव है कि ये सभी दल जश्न में डूबे हों, लेकिन यह उनके लिए चिंतन का भी समय है, क्योंकि सभी के लिए जनादेश में सबक छिपे हुए हैं। सबसे पहले तो भाजपा को अपने 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे पर गंभीरता से पुनर्विचार की दरकार है। क्या कांग्रेस का पूर्ण पराभव भाजपा के हित में होगा? इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है कि क्या देश की सबसे पुरानी पार्टी का अवसान राष्ट्रहित में होगा? यकीनन कांग्रेस का रिकार्ड कई मोर्चों खासतौर से विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच एकसमान भाव निश्चित करने में बेहद खराब रहा है। भाजपा ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छद्म पंथनिरपेक्षता, भ्रष्टाचार और कुशासन को लेकर कांग्रेस के विरुद्ध पनपे आक्रोश को बखूबी भुनाया और कांग्रेस को पूरी तरह परिदृश्य से बाहर करने का वादा किया। आरंभ में यह बहुत महत्वाकांक्षी और भाजपा के लिए उपयोगी लगा, लेकिन प्रतीत होता है कि भाजपा उस पहलू को भुला बैठी कि प्रकृति को शून्यता रास नहीं आती। यदि कांग्रेस प्रमुख विपक्ष का स्थान गंवा देती है तो कोई अन्य पार्टी उसकी जगह लेगी, जिसका रवैया राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस से भी खराब हो। आम आदमी पार्टी



की कोशिशों में बिल्कुल यही झलक रहा है, जो कई राज्यों में कांग्रेस को किनारे लगाने के प्रयास में लगी है। गुजरात में करीब 13 प्रतिशत मत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी 'राष्ट्रीय पार्टी' बनने की दिशा में बढ़ चुकी है। पार्टी की अब दिल्ली, पंजाब, गोवा और गुजरात जैसे चार राज्यों में मौजूदगी है और वह कांग्रेस की सियासी जमीन हथियाने का खुलेआम दावा कर रही है। इसमें क्या समस्या है। समस्या दरअसल उस दल द्वारा चुनाव दर चुनाव किए जाने वाले बेपरवाह दावों में है। आप ने पंजाब की तर्ज पर गुजरात और हिमाचल में भी सभी वयस्क महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया। पार्टी ने इसे 'स्त्री सम्मान राशि' का नाम दिया। ऐसी खैरात के पीछे क्या तुक, जो रिश्वत जैसी हो और जिसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ना है। पंजाब के ढर्रे पर ही आप ने गुजरात में 300 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को मुफ्त पानी और हर सरपंच को दस हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने का भी वादा किया था। पंजाब में मुफ्त बिजली से सरकारी खजाने को 1,800 करोड़ रुपये की चपत लगनी है। पंजाब में चुनावी रेवड़ियां बांटना एक तरह से गैर-जिम्मेदार कृत्य ही कहा जाएगा, क्योंकि राज्य पर करीब 2.70 लाख करोड़ रुपये के कर्ज का भारी बोझ है, जिसके ब्याज की अदायगी पर ही राज्य की सालाना आमदनी का 20 प्रतिशत हिस्सा खर्च हो जाता है। ऐसे बढ़ते चलन पर विराम लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अन्यथा लोकतंत्र राजनीतिक दलों के बीच ऐसी पेशकश के साथ मतदाताओं को रिश्वत देने की होड़ के रूप में सिमटकर रह जाएगा। भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति एवं समग्र अर्थव्यवस्था पर इसके निहितार्थों का गंभीरता से आकलन करने की आवश्यकता है। भाजपा, कांग्रेस को परिवारवाद के मुद्दे पर घेरती आई है, लेकिन नेहरू-गांधी परिवार ने स्वयं को पार्श्व में रखना शुरू कर दिया तो पार्टी 'परिवारवाद' के मुद्दे की काट तलाशने को तत्पर दिखती है। कांग्रेस पार्टी में कई अनुभवी राजनीतिक दिग्गज हैं और भाजपा को इससे जुड़े बिंदुओं पर समग्रता में विचार करना चाहिए। हालांकि, हालिया जनादेश से काग्रेस को भी सीखने की जरूरत है। इन चुनावों के साथ ही साथ कांग्रेस में भी कुछ महत्वपूर्ण घटनाक्रम घटित हो रहे थे। सबसे पहला तो यही कि 25 वर्षों के बाद पार्टी को पहली बार नेहरू-गांधी परिवार के बाहर कोई अध्यक्ष मिला, जब अक्टूबर में मल्लिकार्जुन खरगे इस पद के लिए चुने गए। दूसरा यह कि नेहरू-गांधी परिवार के सदस्यों ने स्वयं को प्रचार से दूर रखा। जहां सोनिया गांधी चुनावी परिदृश्य से नदारद रहीं तो राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर ही ध्यान केंद्रित रखा। राहुल ने हिमाचल में तो प्रचार किया ही नहीं और गुजरात में भी मात्र दो सभाएं कीं। हिमाचल में प्रियंका गांधी वाड्रा ने जरूर कुछ चुनावी सभाओं को संबोधित किया, लेकिन परिवार के किसी सदस्य ने चुनाव अभियान का नेतृत्व नहीं किया। कांग्रेस के हिमाचल अभियान की कमान पूरी तरह स्थानीय नेतृत्व के हाथ में थी, जिसने पुरानी पेंशन बहाली जैसे तमाम स्थानीय मुद्दों को ही केंद्र में रखा। वहां चुनाव प्रचार में संघ परिवार और सावरकर पर निशाना नहीं साधा गया, जैसा कि राहुल गांधी अक्सर अपनी सभाओं में करते हैं। कुल मिलाकर, हिमाचल में कांग्रेस ने स्वयं को स्थानीय भावनाओं तक सीमित रखा और उसकी यह जीत वीरभद्र सिंह के प्रति लोगों की श्रद्धांजलि भी है, जो करीब 21 वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। हिमाचल के परिणाम में कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार के लिए स्पष्ट संदेश है। वह यह कि राज्य इकाइयों में न्यूनतम हस्तक्षेप किया जाए, राज्य के वोट दिलाऊ नेताओं का सम्मान किया जाए और राज्य-केंद्रित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाए, खासतौर से तब जब परिवार के नेता वोट दिलाने में सक्षम न रहे हों। अब आम आदमी पार्टी पर आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद माजिद मेमन ने ज्वाइन की ऊश्ण्, नवंबर में छोड़ी थी पार्टी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद माजिद मेमन ने तृणमूल कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली है। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन और सौगत रॉय की मौजूदगी में माजिद टीएमसी में शामिल हुए। माजिद मेमन ने नवंबर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। माजिद मेमन एक फेमस क्रिमिनल और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें 2014 में 2020



तक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के टिकट पर महाराष्ट्र से संसद सदस्य (राज्यसभा) के रूप में चुना गया था। एक विधायक के रूप में उन्होंने कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय समिति के सदस्य और कानून और न्याय मंत्रालय के लिए सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया है। हाल ही में माजिद मेमन पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि, पीएम मोदी में जो गुण हैं वो विपक्षी नेताओं में नहीं हैं। अगर नरेंद्र मोदी लोगों के मत जीतते हैं और उन्हें दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में भी दिखाया जाता है तो उनमें जरूर कुछ अच्छे गुण या अच्छे काम होंगे जिसे विपक्षी नेताओं ने नहीं किया। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान से यू-टर्न भी लिया था। उन्होंने कहा था कि वो पीएम मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का समर्थन नहीं करते हैं।

### ब्रिटेन में 106 साल के इतिहास में पहली बार नर्सों की हड़ताल

**लंदन।** ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत नर्सें 106 साल के इतिहास में पहली बार गुरुवार को हड़ताल पर चली गईं। वेतन बढ़ाने और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग को लेकर सरकार के साथ वार्ता विफल होने के बाद इंग्लैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में नर्सों ने काम बंद कर दिया। 100,000 से अधिक नर्सें इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड और वेल्स में हड़तालों में शामिल हुईं। अगले मंगलवार को नर्सें फिर हड़ताल पर रहेंगी। हालांकि स्काटलैंड में नर्सों ने एक नए वेतन प्रस्ताव के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। ब्रिटेन के अधिकांश




हिस्सों में कड़ाके की ठंड के बावजूद हड़ताल शुरू होते ही नर्सों ने कई अस्पतालों के बाहर धरना दिया। नर्सों ने स्टाफ की कमी दूर करने, वेतन बढ़ाने और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग की। नर्सें अभी भी गहन देखभाल इकाइयों और कीमोथेरेपी, डायलिसिस, और कुछ बाल चिकित्सा सेवाओं जैसी सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में कार्य करती रहेंगी। लेकिन सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में सर्जरी रद कर दी गई। नर्सों के यूनियन ने वेतन में 19 प्रतिशत वृद्धि की मांग की है, क्योंकि आसमान छूती महंगाई के कारण कम वेतन में काम करना संभव नहीं है। सरकार ने कहा है कि वेतन में इतनी अधिक वृद्धि का बोझ सरकार नहीं झेल सकती। सरकार ने कम वेतन वृद्धि की पेशकश की है। रायल कालेज आफ नर्सिंग की महासचिव पैट कुलेन ने हड़ताल से पहले वीडियो में कहा कि हम मरीजों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध थे और हमेशा रहेंगे। संघ ने अपने 300,000 से अधिक सदस्यों, जो स्वास्थ्य सेवा के कर्मचारियों की संख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा है के मतदान के बाद हड़ताल करने का निर्णय लिया।

# सतेन्द्र शर्मा ने दी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को बधाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** काँग्रेस नेता पूर्व प्रदेश सदस्य यूपी काँग्रेस कमेटी सतेन्द्र शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। और उनको मुख्य मंत्री बनने की बधाई भी दी। सतेंद्र शर्मा ने बताया कि एनएसयूआई से राजनीति की शुरूआत करने वाले जमीनी नेता को प्रदेश की कमान सौपी गई है। काँग्रेस पार्टी हमेशा जमीनी नेताओ को आगे बढ़ाने का काम करती है नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री से मिलकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलकर उन्हें हिमाचल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई,उनकी सादगी और ही उन्हें एक महान नेता बनाती है।



# गोदरेज गोल्फ लिंक प्रा0लि0 कम्पनी में श्रमिको के मध्य विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय जनपद न्यायधीश, गौतम बुद्धनगर के दिशा- निर्देशन में तथा राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज, गौतम बुद्धनगर की अध्यक्षता में आज दिनांक 16.12.2022 को दोपहर 12:30 बजे से श्रमिकों के मध्य गोदरेज गोल्फ लिंक प्रा0लि0 की निर्माणाधीन साइट पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पाने के लिये पंजीयन अनिवार्य रुप से कराने तथा श्रमिकों को विभिन्न अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। श्रमिको के लिये शासन द्वारा संचालित योजनाओं को निर्माणाधीन साइट पर डिस्पले के जरिये प्रदर्शित करने के लिए श्रम विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क कानूनी सहायता, न्यूनतम वेतन मजदूरी अधिनियम, समान कार्य समान वेतन आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। श्रम विभाग की ओर से उपस्थित पदाधिकारी द्वारा श्रमिको के हित में संचातिल योजनाये जैसे सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, आवासीय विद्यालय योजना, चिकित्सा सुविधा योजना आदि योजनाओं के संबंध में विस्तारपर्वूक जानकारी दी गयी। शिविर में राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ श्री राजकुमार, हसंराज, श्रम परिर्वतन अधिकारी, गोदरेज गोल्फ लिंक प्रा0लि0 कम्पनी के पदाधिकारी अभिषेक, सुपरवाईजर नितिन गौतम, सेफटी मैनेजर रविन्द्र कुमार, रितेश पांडेय एवं अधिक संख्या में कामगार श्रमिक उपस्थित रहे।



# रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नोएडा के व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नोएडा मे प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश रामपुर सीट से नवनिर्वाचित विधायक आकाश सक्सेना का व्यापारियों और उद्यमियों द्वारा पुष्प गुछ देकर व अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया, साथ ही एक बैठक का आयोजन अग्रसेन धर्मशाला अग्रवाल मित्र मंडल सेक्टर 33 नोएडा में सुनील गुप्ता एनसीआर अध्यक्ष एवं चेयरमैन की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विधायक ने नोएडा के व्यापारियों एवं उद्यमियों से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही व्यापारी हित में विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की और बताया की रामपुर उत्तर प्रदेश का एक जाना माना औद्योगिक क्षेत्र है, जिसके लिए उन्होंने नोएडा व्यापारियों को रामपुर में व्यवसाय करने के लिए आमंत्रित भी किया तथा कहां की जो खुद व्यापारी वर्ग से हैं और व्यापारियों के साथ हमेशा उनकी परेशानियों में खड़े रहेंगे, व्यापारियों की समस्याओं को केंद्र सरकार वह राज्य सरकार तक पहुंचाने में और उसका निस्तारण करवाने में पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील गुप्ता ने कहा कि भाजपा एवं जन संघ सरकार व्यापारी हित के लिए बनाई गई थी लेकिन आज उद्यमी एवं व्यापारी वर्ग अपने आप को उपेक्षित महसूस करता है जिसका समर्थन वहां बैठे सभी



व्यापारी व उद्यमी साथियों ने किया। सुनील गुप्ता ने वहां मौजूद उद्यमियों एवं व्यापारियों से अनुरोध किया कि वह अपनी बात एवं समस्याएं विधायक के समक्ष रखें, विधायक के समक्ष अपनी बात रखते हुए सुधीर पोरवाल ने कहा कि पार्टी के हर स्तर एवं इकाई में व्यापारियों को एक स्थान देना अत्यंत आवश्यक है जिससे कि व्यापारियों की बात पार्टी के शीर्ष स्तर तक पहुंच सके, सेक्टर 9 के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ व्यापारी सतनारायण गोयल ने कहा कि नोएडा फेस वन के छोटे औद्योगिक प्लॉटों का लैंड यूज़ चेंज करके कमर्शियल किया जाना चाहिए जिससे औद्योगिक क्षेत्रों में काम आने वाला जरूरत का सामान आसानी से मिल सके, टू व्हीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कोहली ने कहा की टू व्हीलर के शोरूम खोलने हेतु विशेष मार्केट बनाई जानी चाहिए, व्यवसायिक महिला श्रीमती अर्चना ने विभिन्न मार्केट के अंदर प्राधिकरण द्वारा छोटे-छोटे कियोस्क एवं वेंडर जोन बनाने का विरोध किया इसके अलावा विभिन्न व्यापारियों द्वारा नोएडा की जमीन को प्राधिकरण द्वारा फ्री होल्ड किए जाने का भी मुद्दा विधायक के सामने रखते हुए कई समस्याओं को बताया, समस्याओं को सुनते हुए एवं विचार करते हुए विधायक ने समस्याओं के उचित समाधान का आश्वासन दिया। इस बैठक में अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल महासचिव, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से संजय जैन अध्यक्ष, राधा कृष्ण गर्ग, सतनारायण गोयल, अमरजीत सिंह रामा वाले, सुधीर पोरवाल महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, नरेश बंसल, मनोज गुप्ता, गोविंद अग्रवाल फूल सिंह यादव, राहुल भाटिया, कुम्मु जोशी भटनागर, रेनू बाला शर्मा, अर्चना जैन, वंदना शर्मा,मंजू शर्मा,सीमा रावत,मीना गौतम, तनवीर चौधरी,शैलेंद्र पोरवाल, मनोज गुप्ता एडवोकेट, शैलेंद्र वर्णवाल, विक्रम सेठी, गिरीश गोविल, टू व्हीलर एसोसिएशन से संजय कोहली, विजय बजाज, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से अनिल दिक्षित आदि समेत कई व्यापारी संगठन एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# दुनिया के दरवाजे खटखटा रहा है उत्तर प्रदेश - पंकज पाराशर


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं वाला राज्य है। यह बात कहने और सुनने में बहुत अच्छी लगती है। खासतौर से यूपी के निवासी यह सुनकर गर्व की अनुभूति करते हैं, लेकिन इस किताबी बात को हकीकत में बदलना आसान नहीं है। जिस उत्तर प्रदेश ने देश को 9 प्रधानमंत्री दिए हैं, वहां आजादी के बाद से राजनीतिक अस्थिरता रही है। दरअसल, कांग्रेस के दौर में कोई मुख्यमंत्री खुलकर काम नहीं कर पाया। इस राज्य के लिए नीतियां निर्धारित नहीं कर पाया। यहां से चुनकर जाने वाले प्रधानमंत्री की छाया में ही यूपी के मुख्यमंत्री रहे। सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि गोविंद वल्लभ पंत से लेकर एनडी तिवारी तक कोई 5 साल राज्य का नेतृत्व नहीं कर सका। सम्पूर्णानंद भी दो टर्म में आधा-आधा वक्त बिताकर 5 साल और 344 दिन मुख्यमंत्री रहे थे। मतलब, पहले टर्म में पंत जी से कार्यभार लिया और दूसरे टर्म में चन्द्रभानु गुप्त को सौंप दिया। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व और राज्य के बीच हालात ऐसे मानिए कि कोई सुबह पौधा लगाए और शाम को उखाड़कर देखे कि जड़ तो नहीं पकड़ रहा है। ऐसे में भला ब्रिटिश हुकूमत के हाथों जर्जर हो चला उत्तर प्रदेश आगे कैसे बढ़ पाता? यहां के किसी मुख्यमंत्री को राज्य के लिए 'लॉन्ग टर्म पॉलिसी' बनाने और उसे लागू करने का वक्त ही नहीं मिला। फिर दौर क्षेत्रीय पार्टियों



का आया। राज्य में सपा-बसपा तो केंद्र में यूपीए-एनडीए की सरकारों में तालमेल नहीं बैठ पाया और दो दशक इसी संघर्ष में निकल गए। अब पिछले साढ़े पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश के हालात तेजी बदले हैं। यूपी रफ्तार पकड़ रहा है। बीमारू राज्यों की जमात से बाहर निकला है। योगी पहाड़ पर पैदा हुए, पले-बढ़े और वयस्क जीवन की शुरुआत पूर्वांचल में की। दोनों इलाकों में अभावों के कारण होने वाली हानि को नजदीक से देखा। वह अब इन अभावों से लड़ने और पार पाने का जतन कर रहे हैं। सही वक्त पर फैसला ना लेना हार की वजह बनती है। जो काम योगी के पूर्ववर्ती नहीं कर पाए, उन्होंने करके दिखाए। मसलन, 25 साल से लटके जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को धरातल पर उतार दिया। आज पूर्व मुख्यमंत्री कहते हैं, 'यह हम भी कर सकते थे लेकिन तब की केंद्र सरकारों ने साथ नहीं दिया था।' लैंडलॉक स्टेट के लिए हवाईअड्डे वरदान हैं। यह बात पहले किसी को समझ नहीं आई। अब यूपी 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बनने जा रहा है। राज्य को दीमक की तरह चाट रहे माफिया को उखाड़ने के लिए सशक्त पुलिस चाहिए। करीब 40 वर्षों से लटकी पुलिस आयुक्त व्यवस्था लागू हुई। देश में सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्यों में बिहार के साथ यूपी खड़ा था, जहां यह पुलिस व्यवस्था नहीं थी। पिछले तीन वर्षों में 7 जिलों में पुलिस कमिश्नरेट बने हैं। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकारें गई हैं। योगी आदित्यनाथ वह पहले सीएम हैं, जिनकी सरकार कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आई है। उद्योगों और उद्यमियों को भरोसा हुआ है। जिसकी बदौलत 50 साल बाद उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार हो रहा है। रेलवे के दोनों मालवाहक गलियारों का 50इ हिस्सा यहां है। इनके किनारे बड़े औद्योगिक शहर बसाने के लिए नीतियों में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। अगले 5 वर्षों में यूपी को 'वन ट्रिलियन अमेरिकन डॉलर' इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह सब कैसे होगा आज वक्त ब्रांडिंग का है। जो आपके पास है, उसे दुनिया को दिखाना पड़ेगा। यह काम योगी आदित्यनाथ बखूबी कर रहे हैं। उनके मंत्री और अफसर इस वक्त दुनिया के दौरे पर हैं। यह सारे लोग जर्मनी, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और स्वीडन जैसे तकनीकी व अर्थ संपन्न राष्ट्रों का दरवाजा खटखटा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश ने दुनिया से अपने बूते निवेश मांगने की हिम्मत जुटाई है। अगले साल 12 फरवरी तक 10 लाख करोड़ रुपये के उद्यम और उद्योग लाने की पुरजोर कोशिश जारी है। सोहनलाल द्विवेदी जी ने लिखा है, 'लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।ठ योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को असीम संभावनाओं वाला राज्य बनाने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की है। यूपी केवल सबसे ज्यादा वोटरों का प्रदेश नहीं है, यह अतुलित मानव संसाधन वाला राज्य है। इसकी जनसंख्या को अगर काम दिया जाए तो देश की तस्वीर बदल सकती है। योगी आदित्यनाथ ने इस बात को समझा है। वह काम पैदा करने में जुटे हैं। दरअसल, राज्य को पहली बार लंबे वक्त की नीतियां बनाने वाला मुख्यमंत्री मिला है।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाना हमारी प्राथमिकता है- संगीता कावरा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** महिलाओं, वंचित बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी प्रकार की निःस्वार्थ सामाजिक सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। उक्त विचार परफेक्ट यू वेलनेस एंड रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता कावरा ने आज हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से एक भेंटवार्ता में कही। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, जीवन कौशल को बढ़ाने के लिए, सभी के लिए शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य की एक संपूर्ण स्थायी दुनिया के लिए स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के साथ सशक्त जीवन है। उन्होंने बताया कि हम इसी प्रकार से पिछले कयी बर्षों से समाज की सेवा कर रही हू। हमने नोएडा के अलग-अलग हिस्सों में हमने कैम्प का आयोजन भी किया। जिसमे महिलाओं बच्चों और बिशेषकर बुजुर्गों की भलाई के लिए काम करते हैं। आज हमारे समाज मे सबसे विडम्बना यह है कि हमारे समाज के थोड़ा पढ लिख लिए पैसा कमाने लगे तो बूढ़े माँ-बाप उनको बोझ लगने लगते हैं। ऐसे बुजुर्गों की देखभाल करना उनका समय समय



पर भोजन दवा इत्यादि की व्यवस्था करना हमारी प्राथमिकता होती है । इसके अलावा पर्यावरण को संरक्षित और संरक्षित करना और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए सतत विकास के महत्व का प्रचार करना हमारे संस्था का उद्देश्य है।

# पीजीडीएम- बैच2020-22 शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु अव्वल छात्र होंगे सम्मानित

## दीक्षांत समारोह छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित एवं प्रमाणित करने का माध्यम होता है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।**ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज इन्स्टीटयूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड रिसर्च पीजीडीएम इन्स्टीट्यूट में पीजीडीएम (बैच 2020-22) के छात्रों का दीक्षांत समारोह रविवार, दिनांक 18 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा संस्थान की निदेशक डॉ0 सपना राकेश ने बताया कि इस दीक्षांत के अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री पंकज अग्रवाल के अतिरिक्त मुख्य अतिथि डॉ0 किरण बेदी, पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर, पुदुचेरी एवं सम्मानीय अतिथि डॉ0 पंकज मित्तल, सेक्रेटरी जनरल एण्ड मेम्बर सेक्रेटरी, एसोसिएसन ऑफ इण्डियन युनिवर्सिटीज, दीक्षांत समारोह में छात्रों को सम्बोधित करेंगे एवं पीजीडीएम डिप्लोमा में शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु मैडल प्रदान कर सफल छात्रों को सम्मानित करेंगे। दीक्षांत समारोह में पीजीडीएम के छात्रों को डिप्लोमा के साथ-साथ, शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु मेडल, प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जीएल बजाज संस्थान प्रत्येक वर्ष अपने छात्रों हेतु दीक्षांत समारोह का आयोजन करता रहा है। संस्थान पूर्ण उत्साह के साथ इस इस वर्ष भी दीक्षांत समाहरोह के सफल आयोजन के लिए तत्पर है।





# 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में होगा पेंशनर दिवस का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल.वाई. के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान ने जनपद के पेंशनर्स का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि कल 17 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया जा रहा है। अतः जनपद के पेंशनर्स निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर आयोजित होने वाले पेंशन दिवस का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने जनपद के समस्त कार्यालय अध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों का यह भी आह्वान किया कि निर्धारित तिथि एवं समय पर पेंशनर दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद के पेंशनर्स की समस्याओं का निदान किया जा सके।

# कथाऐ हमे जीवन जीना सिखाती है महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएड़ा।** जी टी करनाल रोड अली पुर थाना प्रचीन शिव मंदिर पर चल रही भव्य श्री राम कथा मे आज कथाव्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने कहा कि कथाओं से हमें जीवन की सीख मिलती हैं और जीवन जीने की ,रिश्तों के महत्व और संस्कार का आविर्भाव होता है। महर्षि बाल्मीकि ने रामायण में मर्यादित समाज , आत्म संयम ,परिवार व समाज निर्माण की शिक्षा दी है । महर्षि बाल्मीकि ने हमें भगवान राम के चरित्र से अवगत कराया। श्रीराम अवतारी पुरुष होते हुए भी अपनी मर्यादा का उल्लंघन नहीं करते। शक्ति संपन्न होते हुए भी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं करते। माता, पिता, गुरु की आज्ञा का हमेशा पालन करते हैं। श्रीराम शक्ति संपन्न होते हुए भी बानर, भालू को साथ लेकर राक्षस जाति का सर्वनाश करते हैं। समुद्र पार करने के लिए तीन दिन तक समुद्र के समक्ष प्रार्थना करते हैं जबकि चाहते तो एक बाण से समुद्र को सुखा सकते थे लेकिन मर्यादा नहीं तोड़ी। महर्षि बाल्मीकि जी की रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है कि कैसे जीवन को मर्यादित, संयमित ढंग से जिया जाए। तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।





# पठान पर विवाद के बाद अब आई मीम्स की बाढ़, इस स्टेप पर यूजर्स बोले-जब खुजली में कुछ न कर पाते


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पठान की रिलीज में अभी समय है, लेकिन अभी से फिल्म सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। 12 दिसंबर को रिलीज हुए गाने 'बेशरम रंग' के बाद से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण और शाह रुख खान की फिल्म के गाने की कड़ी आलोचना हो रही है। सिर्फ सोशल मीडिया में ही नहीं, बल्कि इंदौर और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में भी फिल्म के गाने में दीपिका की भगवा रंग की मोनोकिनी ने विवाद खड़ा कर दिया है। हालांकि इन सबके बीच शाह रुख खान ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी को नजरअंदाज करते हुए पॉजिटिव रहने की बात की। लेकिन इन सबके बीच अब 'बेशरम रंग' गाने को लेकर सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है, जहां लोग फिल्म के गाने में दीपिका पादुकोण के एक स्टेप को लेकर सोशल मीडिया पर खिल्ली उड़ा रहे हैं। इस गाने में दीपिका पादुकोण के द्वारा किए गए ट्वर्क को लेकर काफी मजाक उड़ा रहे हैं और उस पर मीम्स बना रहे । इसी के साथ कुछ यूजर्स का ये भी कहना है कि इस गाने को खास अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एक यूजर ने मीम शेयर करते हुए लिखा, 'बेस्ट कोरियोग्राफर को पान पराग लक्स चिंटू चिप्स अवॉर्ड मिलने की पूरी-पूरी गारंटी है'। दूसरे यूजर



ने लिखा, 'मेरी पसंदीदा दीपिका पादुकोण, डायरेक्टर और कोरियोग्राफर सोच रहे थे? बैकग्राउंड डांस के डांस एक्ट बहुत ही फनी है। सब में माता आ चुकी है'। अन्य यूजर ने लिखा, 'जब आपको खुजली हो और आप कुछ ना कर सकें। कोलकाता में एक कार्यक्रम को अटेंड करने पहुंचे शाह रुख खान ने पठान पर चल रहे विवाद के बीच सोशल मीडिया नेगेटिविटी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। एक्टर ने इस विषय पर संबोधित करते हुए कहा, 'दुनिया चाहे कुछ भी करें, लेकिन मेरे जैसा शख्स हमेशा पॉजिटिव रहेगा। इससे पहले उन्होंने कहा था कि दायरा काफी बड़ा है और मैंने कही ये पढ़ा है कि उसके बहुत ज्यादा इस्तेमाल से नकारात्मकता बढ़ती है । आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले ही मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इस गाने में दीपिका पादुकोण के कपड़ों और सीन्स को ठीक करने की चेतावनी दी थी। उनका कहना था कि अन्यथा वह ये फिल्म रिलीज नहीं होने देंगे। शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'पठान' अगले साल 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में पहली बार जॉन अब्राहम और शाह रुख खान के बीच दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है और ये फिल्म यशराज बैनर तले बनी है, जिसमें शाह रुख के रॉ एजेंट के किरदार में दिखाई देंगे।

## शहनाज गील अपने सपने पूरे करने के लिए घर से थीं भागी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन आईडल 13 के आगामी एपिसोड में शहनाज गिल ने खुलासा किया कि वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए घर से भाग गई थी क्योंकि माता-पिता उनके सपनों को लेकर सपोर्ट नहीं कर रहे थे। उन्होंने



कहा, 'बहुत कम परिवार ऐसे हैं जो महिलाओं के काम को स्वीकार नहीं करते। इंडियन आईडल 13 के आगामी एपिसोड में शहनाज गिल नजर आएंगी इंडियन आईडल 13 के आगामी एपिसोड में शहनाज गिल नजर आएंगी। इस अवसर पर उन्होंने खुलासा किया कि वह अपने सपने को पूरा करने के लिए घर छोड़कर भाग गई थी।

# सुपरमैन के फैंस के लिए दुखद खबर सुपरहीरो के किरदार में नहीं लौटेंगे हेनरी कैविल, पढ़ें- इमोशनल पोस्ट


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरमैन के किरदार को वैसे तो कई कलाकारों ने पर्दे पर निभाया है, मगर इस सुपरहीरो किरदार से जो जुड़ाव हेनरी कैविल में हैं। खुद हेनरी भी काफी इमोशनल लग रहे हैं जेम्स गुन और पीटर सैफ्रन के साथ मीटिंग करने के बाद हेनरी ने सोशल मीडिया में पोस्ट लिखकर इसकी सूचना दी। करता हूं जेम्स एंड पीटर को एक यूनिवर्स बनाना है। मैं उन्हें और इस नये यूनिवर्स की तैयारियों से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। वो सभी, जो इतने सालों




का हुआ, वैसा कोई दूसरा नहीं जुड़ सका। आज भी मैन ऑफ स्टील के लिए उन्हें ही याद किया जाता है, मगर हेनरी के फैंस को यह जानकर झटका लग सकता है कि वो सुपरमैन के किरदार में अब नहीं लौटेंगे। यह झटका खुद हेनरी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दिया, जिसके बाद उनके फैंस सकते उन्होंने लिखा- हर किसी के लिए दुखद खबर है। मैं सुपरमैन के किरदार में नहीं लौट रहा। अक्टूबर में स्टूडियो को वापसी के बारे में एलान करने के बाद, तब तक उन्होंने हायर नहीं किया था, यह खबर देना आसान नहीं है, लेकिन यही तो जीवन है। जिम्मेदारियां अक्सर बदलती रहती हैं। मैं उसका सम्मान में मेरे साथ खड़े रहे, हम थोड़ा दुख जता सकते हैं, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए, सुपरमैन अभी भी है। वो जिसके लिए खड़ा होता है, वो अभी भी है और उसने जो मिसालें कायम की हैं, वो अभी भी हैं। लबादा पहनने का मेरा वक्त चला गया, लेकिन जिस चीज के लिए सुपरमैन खड़ा होता हैं।

# शाह रुख खान, सोशल मीडिया से बढ़ती है नेगेटिविटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बेशरम रंग शाह रुख खान की फिल्म पठान का गाना है, जिसे लेकर काफी विवाद हो रहा है। अब इस पर शाह रुख खान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कोलकाता में हुए एक कार्यक्रम में इस विषय पर संबोधित करते हुए कहा, 'दुनिया चाहे कुछ भी करें लेकिन मेरे जैसे लोग हमेशा जया बच्चन ने मिलकर 28वें इंटरनेशनल कोलकाता फिल्म फेस्टिवल का गुरुवार को उद्घाटन किया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने रानी मुखर्जी, महेश बाबू, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और क्रिकेटर सौरव गांगुली भी उपस्थित थे। शाह रुख खान ने इस अवसर पर ब्लैक थ्री पीस सूट पहन रखा था। वहीं रानी मुखर्जी उन्होंने रविंद्रनाथ टैगोर को भी कोट किया। अमिताभ बच्चन इस अवसर पर ब्लू सूट पहने नजर आए। कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 15 से 22 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित हो रहा है। शाह रुख खान कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल टीम के भी मालिक है। वह जल्द फिल्म पठान में

सकारात्मक रहेंगे।' इसके पहले उन्होंने कहा था, 'सोशल मीडिया पर मतों का दायरा काफी संकरा होता है। वह मानवीय स्वभाव को लिमिट करने का प्रयास करता हैं। मैंने कहीं पढ़ा है कि सोशल मीडिया के उपयोग से नेगेटिविटी बढ़ती है। इसके चलते भेदभाव और बांटने की प्रवृत्ति में भी बढ़ोत्तरी होती है। गौरतलब है कि शाह रुख खान के अलावा अमिताभ बच्चन और ने ब्लैक कलर की साड़ी पहन रखी थी। इस अवसर पर महेश भट्ट ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'आज के राजनीतिक दौर में भारत के बच्चे विदेशों के आइडियाज को रिजेक्ट कर रहे हैं। हमें यह बात समझ में आ रही है। यह हमारा मत नहीं होना चाहिए। भारत सभी को जोड़ता है। टैगोर के शब्द हमेशा भारतीयों के दिल में बसे रहना चाहिए।' इस अवसर पर नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। वहीं फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी हैं। यह फिल्म 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। शाह रुख खान एटली की जवान में भी नजर आएंगे। वहीं वह राजकुमार हिरानी की डंकी में भी नजर आने वाले हैं।

# अंदाज अपना अपना' के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी की बेटी हैं बला की खूबसूरत, बोल्डनेस उड़ा देगी आपके होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राजकुमार संतोषी हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक हैं। से भी कई एक्ट्रेसेज को पछाड़ देती हैं। राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव की लाडली बेटी तनीषा की तुलना अक्सर बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी से होती है। हाल ही में



उन्होंने अपने करियर में सलमान खान और आमिर खान स्टारर 'अंदाज अपना अपना', अजब प्रेम की गजब कहानी और घायल जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। लेकिन आज हम आपको निर्देशक राजकुमार संतोषी के बारे में नहीं, बल्कि उनकी बेटी तनीषा संतोषी के बारे में बताने जा रहे हैं। जाह्नवी कपूर की खास दोस्त तनीषा फिल्म इंडस्ट्री में भले ही एक्टिव नहीं हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी फोटोज से फैंस का दिल जीत लेती हैं। तनीषा संतोषी सिर्फ खूबसूरती में ही नहीं, बल्कि अपनी बोल्डनेस हैं और वह अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी 29 हजार से अधिक प्रशंसकों की लिस्ट हैं। वह जब भी अपने इंस्टाग्राम पर कोई तस्वीर पोस्ट करती हैं, तो फैंस उनकी खूबसूरती को निहारते रह जाते हैं और साथ ही उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। बात हॉटनेस की हो या फिर क्यूटनेस की सोशल मीडिया पर लोग उनकी हर अदा पर फिदा हैं। उनके फैशन सेंस की अगर बात की जाए तो वह ट्रेडिशनल आउटफिट हो या फिर वेस्टर्न लुक, उनका स्टाइल किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं है। राजकुमार संतोषी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें वह लो नैक स्ट्रिप गाउन शिमरी गाउन में बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। उनकी इन खूबसूरत तस्वीरों से नजर हटाना बेहद ही मुश्किल है। लेकिन उनकी इन तस्वीरों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर कमेंट बॉक्स में कई लोग उन्हें कियारा आडवाणी की हमशक्ल बता रहे हैं। आपको बता दें कि तनीषा और 'धड़क' एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बचपन से ही काफी अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के साथ कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो तनीषा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं।

# घर की चिट्ठी' पाकर शालीन-निमृत की आंखों में आए आंसू, अर्चना और प्रियंका में फिर ठनी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के 15 दिसंबर के एपिसोड में कई प्रतियोगी घरवालों की चिट्ठी पाकर इमोशनल हो जाते हैं। इसमें शालीन भनोट और निमृत कौर अहलूवालिया का नाम शामिल है। वहीं किचन को लेकर अर्चना गौतम और प्रियंका चहर के बीच लगातार लड़ाई हो रही हैं। प्रियंका चहर और अर्चना गौतम इसके पहले अपनी मिसअंडरस्टैंडिंग दूर कर चुकी थी लेकिन आज फिर दोनों के बीच में जाने का अवसर मिलेगा। सौंदर्या शर्मा की टीम यह टास्क जीत जाती है और वे साजिद को मेडिकल लाइब्रेरी में जाने का निर्णय लेते हैं। इसी बीच बिग बॉस सभी प्रतियोगियों को 'घर की चिट्ठी' आई है बताकर सरप्राइस कर देते हैं। हालांकि इसमें भी वह एक शर्त रखते हैं। वह घर वालों को चॉइस देते हैं कि वह घर की चिट्ठी पढ़ सकते है, या किसी फैन का कमेंट पढ़ सकते है या घर का कैप्टन बनने




लड़ाई हो जाती है और ऐसा किचन को लेकर ही होता है। दरअसल जब प्रियंका किचन में काम कर रही होती है, तभी अर्चना आकर उन्हें रोकने का प्रयास करती हैं। इस पर प्रियंका चिढ़ जाती है और उन्हें लगता है कि अर्चना को हमेशा उनसे प्रॉब्लम है। फर्स्ट्रेशन में आकर प्रियंका रोने लगती है। बिग बॉस घरवालों को दो टीम में बांट देते हैं और उन्हें एक स्पेशल टास्क देते हैं। इसके साथ वे कहते हैं कि जो भी टीम जीतेगी उसे मैजिकल लाइब्रेरी में का चुनाव कर सकते है। शालीन भनोट घर की चिट्ठी का चुनाव करने हैं और वहां घरवालों से माफी भी मांगते हैं। घर की चिट्ठी पढ़कर उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। इस बीच विकास और अर्चना के बीच लड़ाई हो जाती है। विकास अर्चना को अनपढ़ कहते हैं। वे यह भी कहते हैं कि वह कुछ वोट से चुनाव हार गई थी। घर की चिट्ठी पाकर निमृत कौर अहलूवालिया होमसिक हो जाती हैं और रोने लगते हैं।

# हाथ में पावर आते ही टीना दत्ता ने श्रीजिता डे से लिया बदला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 में कब कौन दोस्त बन जाए और कब कौन दुश्मन बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। शो में इन दिनों ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, जो बिग बॉस के इतिहास में कभी नहीं हुआ। शो में इस हफ्ते एक साथ तीन कंटेस्टेंट कैप्टन बने हुए है। हालांकि, तीनों के लिए एक साथ के अगले कैप्टन से जुड़ी हुई है। बिग बॉस 16 से जुड़ी ताजा जानकारी शेयर करने वाले फैन पेज द खबरी ने घर के अंदर की लेटेस्ट न्यूज शेयर की है। जानकारी के अनुसार बिग बॉस ने टीना दत्ता को एक स्पेशल पावर देते हुए उन्हें घर के अगले कैप्टन के लिए दावेदार चुनने के लिए कहा, लेकिन शर्त ये थी कि वह सिर्फ बिग बॉस के घर

मिलकर काम करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, अब बिग बॉस से एक और ताजा जानकारी सामने आई है, जो कैप्टन टीना दत्ता और श्रीजिता डे से जुड़ी हुई है। बिग बॉस ने कैप्टन बनने के बाद, टीना दत्ता, सौंदर्या शर्मा और सुंबुल तौकीर खान को कई स्पेशल पावर दी है तो वहीं, कुछ छीन भी ली है। शो को लेकर अब जो ताजा जानकारी सामने आई है, वह घर में आए दो नए वाइल्ड कार्ड एंट्री में से किसी एक को चुन सकती हैं। बिग बॉस ने कहा कि शो में एक बजर राउंड होगा, जो पहले बजर दबा देगा वो घर के अगले कैप्टन के दावेदार को चुन सकता है। सबसे पहले बजर दबाकर ये मौका टीना ने जीत लिया और उन्होंने नए कैप्टन के दावेदार के रूप में विकास मानकतला को चुना और श्रीजिता से कैप्टन बनने का मौका छीन लिया।

# शाह रुख खान ने कोलकाता फेस्टिवल 2022 में दी बंगाली में स्पीच, कहा- खराब लगे तो रानी मुखर्जी को करना ट्रोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान ने बंगाली में कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पीच दी है। इस अवसर पर उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उनकी स्पीच रानी मुखर्जी ने लिखी हैं जो कि दर्शक दीर्घा में बैठी थी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी बंगाली वहां बैठे दर्शकों को पसंद नहीं आई तो वह इसके लिए रानी जाए लेकिन मैं पॉजिटिव बना रहूंगा।' शाहरुख खान ने इस अवसर पर दर्शकों से बात करते हुए बंगाली में स्पीच भी दी। शाह रुख खान कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 का शुभारंभ करने पहुंचे थे। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलने वाला है। इसमें उनके अलावा अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और सौरव गांगुली भी मौजूद



मुखर्जी को ट्रोल करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दर्शकों को उनकी बंगाली पसंद आई तो शाबाशी उन्हें मिलनी चाहिए। शाह रुख खान ने इस कार्यक्रम में फिल्म पठान के गाने बेशरम रंग पर हुए बवाल पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'चाहे कुछ भी हो थे।शाह रुख खान की स्पीच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कई लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा है, 'मुझे पता नहीं क्या ज्यादा अच्छा लग रहा है शाह रुख खान की बंगाली स्पीच या शाह रुख खान और रानी मुखर्जी की मस्ती।

# मां के सपने को साकार करने के लिए जेम्स कैमरून ने बनाई दो हजार करोड़ की फिल्म, थिएटर में आएगा भूचाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतार - द वे ऑफ वाटर' कल यानी कि 16 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। साल 2009 में आई अवतार के 13 साल के बाद अब इसका सुनकर जेम्स कैमरून को ऐसी प्रेरणा मिली कि उन्होंने दुनिया की सबसे महंगी फिल्मों में से एक फिल्म बना डाली। रिपोर्ट्स की मानें तो जेम्स कैमरून की मां शर्ली कैमरून ने एक सपना देखा था। उन्होंने निर्देशक से बात करते हुए बताया



दूसरा पार्ट आ रहा है। इस साई-फाई फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका बज बन चुका है और फिल्म की एडवांस बुकिंग भी काफी अच्छी है। लेकिन आपको शायद ये नहीं पता होगा कि इतने ग्रैंड स्केल पर फिल्म बनाने के आइडिया जेम्स कैमरून को एक सपने से आया था। ये सपना किसी और ने नहीं, बल्कि उनकी मां ने देखा था। उनकी मां ने अपने सपने में जो भी देखा उसे निर्देशक को कह सुनाया, जिसे कि उन्होंने अपने सपने में 12 फीट लंबी एक लड़की को देखा है, जोकि नीले रंग की है। उनकी मां ने तो अपने सपने को महज एक कहानी की तरह बताया था, लेकिन मां के सपने को सुनकर जेम्स कैमरून को एक ऐसी फिल्म बनाने का आइडिया आया, जोकि एक ग्रह की कहानी है और वहां 10 से 12 फीट ऊंचे और नीले रंग के लोग रहते हैं, जिसकी शक्ल और सूरत बिलकुल ही अलग है। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि जेम्स कैमरून को ये फिल्म बनाने का आइडिया उस समय आया था, जब उन्होंने लियोनार्डो डिकैप्रियो और केट विंसलेट स्टारर फिल्म 'टाइटैनिक' को बनाने के बारे में सोचा भी नहीं था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अवतार बनाने का आइडिया तो काफी समय से जेम्स कैमरून के दिमाग में था, लेकिन उन्होंने साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म टाइटैनिक बनाई और उसके बाद उन्होंने तीन साल तक अवतार पर काम किया। टाइटैनिक को सिर्फ थिएटर में ऑडियंस ही नहीं मिली, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी एक बड़ी सफलता मिली। उस समय पर टाइटैनिक ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 2460 करोड़ की कमाई की थी और वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 8726 करोड़ कमाया था। टाइटैनिक की सफलता को देखने के बाद हर किसी को यही लगा था कि कोई भी फिल्म लियोनार्डो डिकैप्रियो की इस फिल्म का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाएगी। हालांकि ये गलत साबित हुआ और साला 2009 में रिलीज हुई जेम्स कैमरून की ही दूसरी फिल्म 'अवतार' ने टाइटैनिक का रिकॉर्ड ब्रेक किया। अवतार ने पूरी दुनियाभर में 18957 करोड़ के आसपास की कमाई की थी। अवतार की कहानी जेम्स कैमरून ने साल 2006 में लिखी थी, जिसके बाद 2009 में इस फिल्म को रिलीज किया गया। दर्शकों को अवतारः द वे ऑफ वाटर का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साई-फाई हॉलीवुड फिल्म की गुरुवार तक पांच लाख से अधिक टिकटें बिक चुकी हैं और लगातार सोल्ड हो रही हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फिल्म दुनियाभर में 52000 से ज्यादा स्क्रीन्स के साथ वीकेंड पर ही 150 मिलियन से 175 मिलियन डॉलर तक की कमाई कर सकती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः– इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।